लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



दैनिक

# अमन लेखनी



175 करोड़ रूपये के साथ सबसे पहले ...

आप सब कुछ ..........

वर्ष : 11 | अंक : 96 | लखनऊ, 25 मार्च, मंगलवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम अंतिम दौर में : मुर्मू

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य जल्द ही इस बुराई से मुक्ति पा लेगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष समारोह के दौरान सदन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं के उच्चतम मानदंड स्थापित किए हैं तथा बेहतरीन संसदीय आचरण का अनूठा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि राज्य विधानसभा में 19 महिला सदस्य हैं और 2023 के विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी विधायकों को प्रयास करना चाहिए कि अगली विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या बढ़े। मुर्मू ने कहा, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है। मुझे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोग विकास के मार्गों पर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ को उग्रवाद से पूर्णतः मुक्त करने के प्रयास में आप सब शीघ्र ही सफलता प्राप्त करेंगे और राज्य के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेंगे। मुर्मू ने कहा, इस सदन में 19 महिला विधायक हैं। 2023 विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। इस प्रकार, इस सदन को छत्तीसगढ़ की माताओं, बहनों और बेटियों का विशेष समर्थन प्राप्त हुआ है। मैं विधायक बहनों से अनुरोध करती हूं कि वे जीवन के हर क्षेत्र में काम करने वाली सभी बहनों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहें। जब सभी महिलाएं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली अन्य महिलाओं को बढ़ावा देंगी, तो पुरुषों का भी ध्यान जाएगा तथा उनके विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। चाहे वह शिक्षिका हो, अधिकारी हो, समाजसेवी हो या उद्यमी, वैज्ञानिक हो या कलाकार, मजदूर हो या किसान। उन्होंने कहा, हमारी बहनें अपने रोजमर्रा के घरेलू कामों को पूरा करते हुए कठिन संघर्ष करके बाहरी दुनिया में अपनी जगह बनाती हैं। जब सभी बहनें एक-दूसरे को सशक्त बनाएंगी, तो हमारा समाज और भी मजबूत तथा संवेदनशील बनेगा। मुर्मू ने कहा कि सदन में सभी विधायकों, खासकर महिला सदस्यों को अगली विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर खुशी जताई कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के 25 साल के इतिहास में सदन में कभी मार्शल का इस्तेमाल नहीं किया गया। राज्यपाल रमेन डेका, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने भी विधायकों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विपक्ष के नेता चरणदास महंत ने राष्ट्रपति का स्वागत किया और आभार जताया।

# यूपी में योगी सरकार के 8 साल, मुख्यमंत्री ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड

## डबल इंजन की सरकार में हुआ विकास

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार अपने आठ साल पूरे कर रही है। इस मौके पर सीएम योगी ने यूपी सूचना विभाग की पुस्तिका का विमोचन किया। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 साल पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यूपी की डबल इंजन सरकार ने आज 8 साल पूरे कर लिए हैं। मैं उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि हममें से ज्यादातर लोग जानते हैं कि 8 साल पहले यूपी की स्थिति और पहचान क्या थी।



योगी ने कहा कि 8 साल पहले यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था की हालत किसी से छिपी नहीं थी। यूपी के सामने पहचान का संकट था; किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा संघर्ष कर रहे थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और दंगों और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से बदहाल अर्थव्यवस्था को लोग बर्दाश्त कर रहे थे। राज्य और मशीनरी आज भी वही हैं, लेकिन हम देख सकते हैं कि कैसे सरकार बदलने से बड़े बदलाव हो सकते हैं। इस बीच, सेवा, सुरक्षा और सुशासन के सिद्धांतों के तहत आठ साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की यात्रा पर विचार किया और शासन के 'डबल इंजन' मॉडल के माध्यम से प्राप्त परिवर्तनकारी प्रगति पर जोर दिया - राज्य और केंद्र सरकारों के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए। उन्होंने विकास को गति देने, सार्वजनिक सेवा वितरण को मजबूत करने और पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए इस मॉडल को श्रेय दिया।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पिछले 8 सालों में देश में नंबर-1 पर है। उद्योग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नंबर-1 पर हो। विपक्ष केवल जाति की राजनीति करता रहा, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति करता रहा। समाजवादी पार्टी को जनता ने नकार दिया है। उनका उत्तर प्रदेश से पूरी तरह सफाया हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने के अवसर पर, पिछले 8 वर्षों में हमने जो कुछ भी किया, उसे लोगों के साथ साझा करने के लिए हर जिले में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## मौसम

अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 78,271.28

निफटी 23,696.30

# 'लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन न चलाने का मन बना लिया है', संसद में गतिरोध पर बोलीं प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संविधान पर कथित बयान पर संसद में हंगामे और कार्यवाही स्थगित होने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कई दिन हो गए हैं अब वे कोई न कोई बहाना ढूंढ लेते हैं। भाजपा सदस्य कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत कोटा तय करने के लिए संविधान में बदलाव का कथित तौर पर सुझाव दिया है।

प्रियंका गांधी ने लोकसभा के दिन में दूसरी बार स्थगित होने के बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ₹ऐसा लगता है कि उन्होंने मन बना लिया है कि वे नहीं चाहते कि सदन चले। अब कई दिन हो गए हैं। वे हंगामा करने के लिए कोई न कोई बहाना ढूंढ लेते हैं।₹ कर्नाटक विधानसभा ने बीते शुक्रवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कड़े विरोध के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया।

# देश की शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा है आरएसएस, इसे हमें मिलकर रोकना होगाः राहुल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा हुआ है। उन्होंने यहां जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों की छात्र इकाइयों के संयुक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी को मिलकर रोकना एवं पराजित करना है। विपक्षी पार्टियों की छात्र इकाइयों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों और पेपर लीक के मुद्दों को लेकर संसद मार्च का आह्वान किया था। राहुल गांधी ने दावा किया, एक संगठन हिंदुस्तान का भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा है। उस संगठन का नाम आरएसएस है। यदि शिक्षा व्यवस्था उनके हाथ में चली जाएगी, जो धीरे धीरे जा रही है, तो देश बर्बाद हो जाएगा और इस देश में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। उनका कहना था, आज छात्रों को यह बताने की जरूरत है कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति आरएसएस द्वारा नामित हैं



और आने वाले समय में राज्यों के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति भी आरएसएस द्वारा नामित होंगे। यह देश के लिए खतरनाक हैं। इसे हमें रोकना है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेरोजगारी और महंगाई पर बात नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा, देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने महाकुंभ के बारे में लोकसभा में बात की। मैं यह बोलना चाहता था कि कुंभ के बारे में बात करना अच्छी बात है, लेकिन भविष्य के बारे में बात करनी चाहिए, बेरोजगारी के खिलाफ बात करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया, प्रधानमंत्री बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा व्यवस्था के बारे में बात नहीं करते क्योंकि प्रधानमंत्री का मॉडल, भाजपा और आरएसएस का मॉडल है जिसके तहत अदाणी, अंबानी को सारा धन देना और आरएसएस को सारी संस्थाओं का नियंत्रण देना है। उन्होंने छात्र संगठनों से कहा, हमारी विचारधारा और नीतियों पर थोड़ा फर्क हो सकता है, लेकिन हम हिंदुस्तान की शिक्षा प्रणाली को लेकर कभी समझौता नहीं करेंगे। हम मिलकर कदम बढ़ाएंगे और आरएसएस-भाजपा को हराएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

# भारत-पाक मैच के दौरान देश विरोधी नारेबाजी

### प्रशासन ने चलाया था बुलडोजर, अब सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को जारी किया नोटिस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सिंधुदुर्ग जिले में भारत विरोधी नारे लगाने के आरोपों के बाद एक स्क्रैप व्यापारी की दुकान को ध्वस्त करने के खिलाफ दायर अवमानना ??याचिका के जवाब में सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और मालवन नगर परिषद को नोटिस जारी किया है। पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी मैच के बाद 38 वर्षीय व्यापारी किताबुल्ला हमीदुल्ला खान और उनके परिवार पर भारत विरोधी नारे लगाने का आरोप लगा था। इसके बाद मालवन में नगर निगम के अधिकारियों ने अनधिकृत निर्माण का हवाला देते हुए खान की दुकान को ध्वस्त कर दिया। याचिका में कहा गया है कि मुस्लिम व्यक्ति के घर और दुकान को बिना किसी पूर्व सूचना या चेतावनी के ध्वस्त कर दिया गया, जो बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट के पिछले दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने मामले को अपने हाथ में लिया है और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने 23 फरवरी को भारत-पाकिस्तान मैच के बाद मालवन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि खान ने अपनी पत्नी आयशा (35) और अपने 15 वर्षीय बेटे के साथ मिलकर भारत विरोधी नारे लगाए, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के आउट होने के बाद भी नारे लगाना शामिल था। खान ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें दावा किया गया है कि विध्वंस कानूनी प्रक्रियाओं और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन है।

# जम्मू-कश्मीरः 30 मिनट तक गोलियों की गड़गड़ाहट की आवाज...

## कठुआ में नर्सरी में छिपे आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए सेना का अभियान जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक बार फिर से आतंकवादियों के मंसूबों को कामयाब करने के लिए भारतीय सेना ने अपना जबरदस्त अभियान चलाया हैं। रविवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सान्याल गांव में सुरक्षा बलों ने एक घनी नर्सरी में छिपे आतंकवादियों के एक समूह का सामना किया। इस मुकाबले में दोनों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने पुष्टि की कि माना जा रहा है कि आतंकवादी अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से घुसपैठ कर आए थे, और उन्होंने सुरक्षा बलों के साथ आधे घंटे से अधिक समय तक भीषण गोलीबारी की।

### आतंकवादियों के बारे में मिली थी सेना को पहले से खुफिया जानकारी

अभियान पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर नर्सरी क्षेत्र में स्थित एक स्थानीय घेरे में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुरू हुआ, जिसे 'ढोक' के नाम से जाना जाता है। विशेष अभियान समूह (एसओजी) की एक टीम ने तलाशी शुरू की, लेकिन क्षेत्र में



प्रवेश करते ही वे भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। तुरंत ही अतिरिक्त बल तैनात किए गए और घुसपैठियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ में गोलीबारी30 मिनट तक चली

हालांकि गोलीबारी लगभग 30 मिनट तक चली, लेकिन अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, अतिरिक्त बल क्षेत्र के चारों ओर घेराबंदी मजबूत कर रहे हैं। खुफिया जानकारी के अनुसार, शनिवार को 5-6 सदस्यों वाले दो आतंकवादियों के समूह ने इस क्षेत्र में घुसपैठ की। लकड़ी इकट्ठा करने वाली ग्रामीण महिलाओं ने क्षेत्र में आतंकवादियों को देखने की सूचना दी थी। इसी से संबंधित एक घटना में, सात वर्षीय एक लड़की घायल हो गई और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, हालांकि उसकी चोट का सही कारण स्पष्ट नहीं है।

# नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़, कोई भगदड़ नहीं : रेलवे अधिकारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रविवार को विभिन्न ट्रेन के प्रस्थान में विलंब हो जाने से यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो गई और इस बीच वहां अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गयी। स्टेशन पर भगदड़ या भगदड़ जैसी स्थिति नहीं थी। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, कुछ ट्रेन के देरी से रवाना होने के कारण प्लेटफॉर्म नंबर 12 और 13 पर अतिरिक्त भीड़ जुट गयी थी। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बेहतर प्रबंधन के लिए वरिष्ठ कमांडेंट रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और नयी दिल्ली के स्टेशन निदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारी स्टेशन पर मौजूद हैं। रेलवे अधिकारी ने बताया कि भारी भीड़ थी लेकिन नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ या भगदड़ जैसी कोई स्थिति नहीं थी। उन्होंने बताया कि अनारक्षित यात्रियों को होल्डिंग एरिया से ले जाने के प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि अब कुछ ट्रेन रवाना हो चुकी हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

# राणा सांगा, शिवाजी को आदर्श मानने के बजाय विपक्ष के लोग औरंगजेब को याद कर रहे : अनुराग ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राणा सांगा, छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप को आदर्श मानने के बजाय ये लोग बाबर और औरंगजेब को याद करने में लगे हैं। लोकसभा में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए ठाकुर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सदस्य सुप्रिया सुले का नाम लिए बगैर उनकी एक टिप्पणी का जिक्र किया। सुले ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सदन में दिए गए भाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सत्तापक्ष के लोग बार-बार पुराने जमाने की बातें करते हैं।



अनुराग ठाकुर ने कहा, यहां कब्र खोदने की बातें की गई हैं। कहा गया कि गड़े मुर्दे क्यों उखाड़े जा रहे हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग अब भी 17वीं शताब्दी की मुगलई सोच के साथ चल रहे हैं। राणा सांगा, शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप इनके आदर्श होने चाहिए थे, लेकिन ये बाबर और औरंगजेब को याद करने में लगे हैं।

ठाकुर ने कहा, विपक्ष के लोग हमारे पूर्वजों, नायकों को अपमानित करने का बार-बार प्रयास करते हैं। ये वोट बैंक के लिए स्वाभिमान को कितना नीचे गिराएंगे। ठाकुर ने देश में कराधान संबंधी मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर अपने हमले में कहा कि विपक्ष के लोग उस मुगल शासक को याद करते हैं जिसने धर्म के नाम पर हिंदुओं पर जजिया कर लगाने का काम किया था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 93.5 प्रतिशत कर लगाया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 12 लाख रुपये तक सालाना आय को कर-मुक्त कर दिया है।

# आज के शासक अंग्रेजों से भी बदतर : केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और समाज सुधारक भीमराव आंबेडकर की विरासत का अनादर करने का आरोप लगाया।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज के शासक अंग्रेजों से भी बदतर हैं। केजरीवाल यहां आप के एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे और राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव हारने के बाद यह उनकी दिल्ली में पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी सत्ता के लिए नहीं बल्कि भगत सिंह और आंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए राजनीति में आई है। आप के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने दिल्ली में अपनी पार्टी की हालिया चुनावी हार की तुलना महाभारत के चक्रव्यूह में अभिमन्यु के



फंसने और धोखा खाने से की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस तरह अभिमन्यु ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, उसी तरह आप और अधिक मजबूती के साथ फिर से उभरेगी। शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देने के लिए आप मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी, पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, विधायक, पार्षद और पार्टी के अन्य कार्यकताओं सहित आप के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। केजरीवाल ने कहा, हमारे आदर्श बाबासाहेब आंबेडकर और भगत सिंह हैं। भगत सिंह कहते थे कि सिर्फ अंग्रेजों को हटाना ही काफी नहीं है, समाज का ढांचा बदलना होगा। नहीं तो गोरे अंग्रेज तो चले जाएंगे लेकिन काले अंग्रेज आ जाएंगे। केजरीवाल ने कहा, बिलकुल यही हुआ है। आज के शासक अंग्रेजों से भी बदतर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्ता संभालने के 48 घंटे के भीतर ही भाजपा ने सरकारी दफ्तरों से भगत सिंह और आंबेडकर की तस्वीरें हटा दीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले उनकी तस्वीरें लगाए जाने की निंदा की थी, लेकिन जब भाजपा ने उन्हें हटाया तो वह चुप रही। केजरीवाल ने कहा, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या देश के लिए भगत सिंह से ज्यादा किसी ने बलिदान दिया है। केजरीवाल ने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान भी भगत सिंह को जेल से पत्र लिखने की इजाजत थी। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने (केजरीवाल ने) जेल में रहते हुए उपराज्यपाल को पत्र लिखा तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। केजरीवाल ने दिल्ली में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना को कथित तौर पर प्रतिबंधित करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बस परिचालक अब महिलाओं को गुलाबी टिकट देने से मना कर रहे हैं, जब तक कि वे ऐप डाउनलोड न करें। भाजपा पर अपने चुनावी वादों को पूरा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? सुविधाओं में सुधार करने के बजाय वे मौजूदा सुविधाओं को छीन रहे हैं। अब तक उन्हें महिलाओं को 2,500 रुपये देना शुरू कर देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं बंद नहीं की जाएंगी, अब उन्होंने महिलाओं की मुफ्त यात्रा पर इस तरह के प्रतिबंध लगाने की अनुमति क्यों दी।

## संक्षेप

### ई -रिक्शा में रखे एंगल एसएसबी की जिप्सी में घुसे , चालक की हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र में स्थित एसएसबी चतुर्थ बटालियन के उपनिरीक्षक सीताराम ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते रविवार की दोपहर सरकारी जिप्सी लेकर चालक रिषभ मलिक मोहनलालगंज से मुख्यालय पर वापस लौट रहा था तभी एक ई रिक्शा जिसमें लोहे के एगंल रखे हुये थे सामने से दाहिने टर्न कर जिप्सी में टक्कर मार दी,जिसके बाद उसमे रखा लोहे का एंगल जिप्पी का अगला शीशा तोड़ता हुये अंदर जा घुसे,दुर्घटना में चालक रिषभ मलिक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर घायल चालक को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है,जहां इलाज चल रहा है ओर हालत गम्भीर बनी हुयी है। मोहनलालगंज थानाप्रभारी अमर सिंह ने बताया उपनिरीक्षक की तहरीर पर ई रिक्शा व अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बस के अंदर बुजुर्ग की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार को दिल्ली से प्राइवेट बस में बैठकर लखनऊ आ रहे एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में बस के अंदर हीहै मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक प्रतापगढ़ के जेठवारा थाना अंतर्गत डेरवा चौरस निवासी राज नारायन सिंह (70) सोमवार को प्राइवेट बस में सवार होकर दिल्ली से अपने नाती सर्वेश सिंह के साथ प्रतापगढ़ जा रहे थे। तभी सरोजनीनगर में नादरगंज तिराहे के पास आरटीओ ने बस रुकवा कर उसकी चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान राज नारायन सिंह की हालत बिगड़ गई। आनन फानन उन्हें एंबुलेंस से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने राज नारायन को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस और सर्विलांस टीम ने अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को सोमवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस के अलावा घटना में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की मैगनाइट कार बरामद की है। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति के मुताबिक कर्नाटक प्रांत के बेंगलुरू स्थित क्रॉस मदीना मस्जिद रोड कोटे चन्नापटना निवासी सैयद दानिश ने ईमेल से सूचना भेजी कि उसका मित्र मंजूनाथ 22 मार्च से लापता है। वह बेंगलुरु से लखनऊ के लिए इंडिगो की फ्लाइट से 22 मार्च को सुबह 5:45 बजे निकला था और सुबह 8:20 पर लखनऊ पहुंच गया। मंजूनाथ अपने व्यावसायिक कम से लखनऊ आया था। लखनऊ पहुंचते ही मंजूनाथ ने अपनी पत्नी रेखा को सुरक्षित पहुंचाने की वीडियो कॉल से सूचना भी दी। लेकिन उसी शाम मित्र लोहित बीजी को अज्ञात मोबाइल से धमकी भरी कॉल आईक कॉल करने वाले ने मंजूनाथ का अपहरण करने की बात कहते हुए एक करोड रुपए की फिरौती मांगी। न देने पर गोली मारने की धमकी दी। उसके बाद आरोपी और मंजूनाथ का भी मोबाइल स्विच आफ हो गया। जिससे सभी को अनहोनी की आशंका होने लगी। सैयद दानिश की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सोमवार सुबह उसकी खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस ने इस दौरान लखनऊ एयरपोर्ट से सीसीटीवी कैमरे चेक करने शुरू किए तो मंजूनाथ गोमती नगर स्थित होटल मैरियट तक सुरक्षित नजर आया। पुलिस और सर्विलांस टीम मंजूनाथ और अपहरण कताओं की तलाश कर ही रही थी कि इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना के साथ ही सर्विलांस टीम को उनकी लोकेशन सरोजनीनगर में गहरु स्थित किसान पथ अंडरपास के पास मिली। जहां पहुंची पुलिस और सर्विलास टीम ने सभी को धर दबोचा। कार पर तीन लोगों के साथ सवार मंजूनाथ और उसके साथ कानपुर नगर के बेकनगंज स्थित नजीर बाग निवासी सैयद असर अहमद को सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस के मुताबिक सैयद असर अहमद की काफी दिनों पहले बेंगलुरु में मंजूनाथ से मुलाकात हुई थी। तब से वह एक दूसरे के परिचित हो गए। मंजूनाथ जब अपने काम के सिलसिले में लखनऊ आया, तो उसने पहले ही फोन करके सैयद असर अहमद को भी मुलाकात के लिए लखनऊ बुला लिया था। पूछताछ में तीनों कार सवारों ने अपना नाम राजधानी लखनऊ के पारा स्थित कुल्हर कट्टा निवासी आकाश यादव, यही के रघुनतपुरम, डिप्टी खेड़ा निवासी प्रदीप पाल और यही के पिंक सिटी मोहान रोड निवासी आदर्श दुबे बताया। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पर साई हवाला ट्रेडर्स नामक पेज के माध्यम से फर्जी नाम पते के लिए गए सिम द्वारा पेज पर लोगों से बात करके विश्वास में लेकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। फिर उन्हें अपने पास कई पार्टियों होने का झांसा देते हुए बड़ी मात्रा में नंबर दो का कैश बताते और कैश को लोगों से अपने खाते में जमा करा कर एक नंबर में करने की बात कह रकम का 10 प्रतिशत कमीशन देने का झांसा देते हुए अपने बताए स्थान पर बुला लेते। बाद में असलहा दिखाकर उन्हें धमकाते और अपहरण कर बिना नंबर प्लेट की गाड़ी पर ले जाते। इसके बाद परिजनों को फोन से धमकी देकर फिरौती वसूलते हैं। मंजूनाथ और सैयद असर को भी उन्होंने इसीलिए पारा के शकुंतला यूनिवर्सिटी के पास बुलाया। जहां से अपनी कार में अगवा कर लिया और दोनों को कार से ही घुमाते रहे। साथ ही मंजूनाथ के परिचित लोहित बीजी को फोन कर एक करोड़ की फिरौती मांगी। उन्होंने बताया कि उनके गैंग में पारा के समदा गांव में रहने वाला विवेक यादव भी शामिल है, जो भागने में सफल रहा। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के पास से 32 बोर की अवैध देशी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, घटना में इस्तेमाल की गई एक बिना नंबर की मैगनाइट कार और 8 एंड्राइड मोबाइल बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है। जबकि फरार विवेक की तलाश में जुट गई है।

## छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी कोंचिग संचालक गिरफ्तार ,भेजा जेल



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।निगोहां कस्बे के एक कोचिंग सेंटर में कम्प्यूटर सिखाने गयी छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी संचालक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया निगोहां स्टेशन मोड़ पर स्थित एक कोंचिग क्लासेस व कम्प्यूटर इंस्टिट्यूट में कम्प्यूटर सीखने गयी छात्रा को अकेला देखकर संचालक आशीष आनन्द ने हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की थी,पीड़ित छात्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी संचालक आशीष आनन्द को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला हाई स्कूल का छात्र

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में हाई स्कूल के एक छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर के विष्णु नगर में रहने वाले सुरेश यादव कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। परिवार में पत्नी कमलावती के अलावा बेटी अर्चना, चांदनी और बेटा रोहन है। अर्चना रसिया में रहकर एमबीबीएस की और चांदनी जयपुर में रहकर बीबीए की पढ़ाई कर रही है। जबकि बेटा रोहन यादव (19) बंथरा स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। रविवार रात सुरेश, कमलावती और रोहन खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सो गए। सोमवार सुबह करीब 7 बजे कमलावती ने देखा तो रोहन घर के अंदर कमरे में लगे पर्दे की रॉड से दुपट्टे के सहारे मृत लटका मिला। यह देखकर कमलावती के होश उड़ गए और वह चीखने चिल्लाने लगी। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रोहन ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## कार को बचाने के चक्कर में रोडवेज बस पत्थर से टकराई

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार को बगल से निकल रही कार को बचाने के चक्कर में एक रोडवेज बस निमार्णाधीन फ्लाईओवर के लिए बैरिकेटिंग के रूप में रखे बड़े पत्थर से टकरा गई। इस घटना से एक पटरी पर भयंकर जाम के हालात पैदा हो गए। बाद में पीएनसी कर्मियों ने किसी तरह जेसीबी के जरिए बस को हटाया। तब यातायात सुचारू हो सका। बाराबंकी निवासी रोडवेज बस चालक रोहित पाठक सोमवार शाम चारबाग डिपो की रोडवेज बस (यूपी 33 एटी 4510) चारबाग से सवारी लेकर कानपुर की ओर जा रहा था। बस में 20 यात्री सवार थे। उक्त रोडवेज बस सरोजनीनगर में जैसे ही नादरगंज तिराहा पारकर आगे बढ़ी, तभी बगल से एक कार सवार ओवरटेक करते हुए अचानक बस के आगे आ गया। कार को बचाने के चक्कर में रोडवेज बस चालक फ्लाईओवर निर्माण को लेकर बैरिकेटिंग के रूप में रखे बड़े-बड़े पत्थरों से टकरा गई। इससे बस सवार यात्री दहशत में आ गए। वहीं पत्थर से टकराने के कारण बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और बस खराब हो गयी। नतीजा यह कि यहां पर जाम के हालात पैदा हो गए। बस चालक काफी देर तक अपनी बस स्टार्ट कर हटाने के लिए जुटा रहा, लेकिन बस स्टार्ट नहीं हुई। बस में खराबी आने के कारण उस पर सवार यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य को रवाना किया गया। इसके बाद मौके पर मौजूद पीएनसी कर्मचारियों ने अपनी जेसीबी से कड़ी मशक्कत कर बस को किनारे किया, तब यातायात सुचारू हो सके। फिलहाल इस घटना की वजह से करीब 1 घंटे तक यहां लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर जाम के हालात बने रहे। बताते चलें कि सरोजनीनगर में नादरगंज तिराहे के पास कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर पीएनसी द्वारा फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसकी वजह से यहां पर लखनऊ- कानपुर आने जाने वाली दोनों पटरियां काफी संकरी हैं।

## श्री राजपूत करणी सेना ने सपा सांसद का पुतला फुंका,कार्यवाही की मांग

**(वीर शिरोमणि महाराणा सांगा पर की गयी अभद्र टिप्पणी से नाराज श्री राजपूत करणी सेना ने सपा सांसद का पुतला फुंका,नाक काटकर लाने पर तीन लाख रुपए ईनाम देने की घोषणा)**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा सांगा के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद पूरे प्रदेश में विरोध तेज हो गया है। टिप्पणी से नाराज श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह उर्फ दीपू ने पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ संग रविवार को मोहनलालगंज कस्बे में सपा सांसद का पुतला फुंकते हुये जमकर नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया ओर सपा सांसद की नाक काटकर लाने वाले को तीन लाख रुपए ईनाम देने की घोषणा की श्री राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने सपा सांसद की टिप्पणी की कड़ी निंदा की उन्होंने कहा कि महाराणा सांगा सिर्फ राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं उनका अपमान संपूर्ण भारत के वीर शौर्य और संस्कृति का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सांसद रामजीलाल के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा।

## 18 किलो चांदी से हुआ गोपेश्वर महादेव का श्रृंगार

अमन लेखनी समाचार



शिवलिंग के चारों ओर रस्तोगी परिवार ने चांदी से कराया श्रृंगार

लखनऊ। सोमवार को श्री गोपेश्वर गोशाला में विराजे गोपेश्वर नाथ महादेव अब रजत श्रृंगार युक्त रहेंगे। करीब 250 वर्ष पुराने मलिहाबाद के गोपेश्वर नाथ महादेव जी का गोशाला से जुड़े रस्तोगी परिवार ने चांदी से श्रृंगार कराया है। रस्तोगी परिवार ने करीब 18 किलो चांदी से गोपेश्वर नाथ शिवलिंग के ऊपर चांदी का घाट लगाया। वहीं शिवलिंग को चारो ओर से नक्काशीदार चांदी से सजाया गया। बाबा को चांदी का मुकुट और त्रिशूल भी अर्पित किया। गोपेश्वर गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता ने बताया कि रजत श्रृंगार में बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2001 में मात्र तीन गायों से इस गौशाला की शुरूआत हुई थी। जिसमें अब तक करीब पांच हजार गायों को संरक्षण प्राप्त हो चुका है। बाबा के अभिषेक व रजत श्रृंगार कार्यक्रम में संरक्षक संजीव गर्ग, संजय गर्ग, सुशील शुक्ला, अभिषेक गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता, विकास पाठक, अनुज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भाईचारा कमेटियों से अब पिछड़ों में पैठ बनाएंगी मायावती

### युवाओं को मिलेगी खास तवज्जो

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दो दशक बाद अकेले दम पर बहुमत की सरकार बनाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती पार्टी संगठन को नए सिरे से मजबूत करने के लिए पुराने आजमाए हुए फामूर्ले को लेकर अब आगे बढ़ रही है। वर्ष 2012 में सूबे की सत्ता गंवाने के बाद जिन भाईचारा कमेटियों का अस्तित्व ही खत्म हो गया था, अब उन्हीं कमेटियों का गठन कर पार्टी पिछड़े वर्ग की बड़ी आबादी में पैठ बनाएगी। संगठन में युवाओं को खास तवज्जो दी जाएगी। पार्टी के वरिष्ठ अनुभवी नेताओं को अब बतौर सलाहकार सभी जिलों में रखा जा रहा है। भतीजे आकाश आनंद और उसके ससुर अशोक सिद्धार्थ को बसपा से बाहर करने के बाद मायावती अब खुद पार्टी की पूरी तरह से कमान संभालकर संगठन को दुरुस्त करने में लगी हुई हैं।

### पिछड़े वर्ग को साथ जोड़ने पर फोकस

पूर्व में भाईचारा कमेटियों की रणनीति से पार्टी को मिली सफलता को देखते हुए बसपा प्रमुख कमेटियों की बहाली के साथ पहले-पहल दलितों के साथ सबसे ज्यादा पिछड़े वर्ग को साथ जोड़ने पर है। इसके लिए बसपा प्रमुख ने मंगलवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अन्य पिछड़ा वर्ग की विशेष बैठक बुलाई है। बैठक में ह्यबहुजन समाजह्ण के विभिन्न अहम अंगों में आपसी भाईचारा से संबंधित संगठन की तैयारी व जनाधार को बढ़ाने के लिए दिए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### कमेटी में युवाओं को खास जगह

कमेटी में जहां जिस पिछड़े वर्ग की जाति की आबादी ज्यादा होगी, उसे अनुसूचित जाति के पदाधिकारियों के साथ रखा जाएगा। जिले से लेकर मंडल स्तर तक बनाई जाने वाली कमेटी में युवाओं को खास जगह दी जाएगी। इसके साथ ही, पार्टी में फिर से सलाहकार के पद को भी बहाल किया जा रहा है। पार्टी संस्थापक कांशीराम के समय में यह पद हुआ करता था। गौरतलब है मायावती ने पूर्व में भतीजे आकाश को अपना उत्तराधिकारी और नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया था। संगठन को आगे बढ़ाने का काम उनके ही जिम्मे था, लेकिन आकाश और उसके ससुर द्वारा गुटबाजी करने का मामला सामने आने के बाद मायावती ने दोनों को पार्टी से बाहर कर दिया है।

## पीएनसी कंपनी की लापरवाही से गहरे नाले में गिरकर युवक हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण करा रही पीएनसी कंपनी की लापरवाही से सोमवार रात बोलेरो गाड़ी से उतर कर पेशाब करने गया एक युवक गहरे नाले में गिरकर घायल हो गया। साथ के लोगों ने उसे किसी तरह बाहर निकाल गंभीर हालत में पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उन्नाव जिले के अचलगंज स्थित पुतरिहा निवासी नसीर हुसैन (35) सऊदी से वापस लखनऊ एयरपोर्ट लौट रहे अपने बहनोई चांद बाबू को लेने बोलेरो गाड़ी से परिवार सहित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट आ रहा था। तभी रात करीब 9 बजे एयरपोर्ट रनवे के सामने कानपुर रोड पर अपनी गाड़ी खड़ी कर पेशाब करने उतरा। इसी बीच वहां पर नवनिर्मित करीब 8 फीट गहरे खुले नाले में अचानक गिर गया। नाले में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजनों ने किसी तरह बाहर निकाला और पास के निजी अस्पताल ले गए। जहाँ प्राथमि इलाज कराने के बाद परिजन उसे अपने साथ लेकर चले गए। परिजनों का कहना था कि नसीर हुसैन के रीड की हड्डी में गहरी चोट आई है। लेकिन अब उसे उन्नाव ले जाकर उसका वहां इलाज कराएंगे। बताते चलें कि कानपुर एलीवेटेड रोड के निर्माण को लेकर सरोजनीनगर में कानपुर रोड का चौड़ीकरण किया गया है। इसकी वजह से पीएनसी कंपनी द्वारा दोनों तरफ नए नालों का निर्माण भी किया गया है। यह नाले जगह जगह खुला छोड़ दिए गए हैं। जो हादसों को दावत दे रहे हैं।

## साइबर जालसाजों ने एटीएस जवान के खाते से हजारों रुपये किया पार ,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित एटीएस मुख्यालय में तैनात एक एटीएस जवान से साइबर जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 45,499 रुपये पार कर दिए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। फिरोजाबाद जिले के जसराना स्थित जाजूमई में रहने वाले ऋषि यादव लखनऊ के सरोजनीनगर स्थित एटीएस मुख्यालय में तैनात हैं। ऋषि के मुताबिक 31 जनवरी को अपराहन करीब 3 बजे मोबाइल 7043420982 व व्हाट्सएप नंबर 9220413485 से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड में लिमिट बढ़ाने की बात कहते हुए वेरिफिकेशन कोड बताकर ऋषि से ओटीपी पूछ लिया। इसके बाद ओटीपी बताते ही ऋषि के खाते से अमेजॉन से सामान खरीदने के एवज में क्रेडिट कार्ड से 43,499 रुपये कट गए। यह जानकारी होते ही ऋषि ने इसकी सूचना साइबर सेल के हेल्पलाइन नंबर 1930 और एक्सिस बैंक को दी। बाद में 6 फरवरी को साइबर सेल में इसकी शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद साइबर सेल ने इसकी जानकारी सरोजनीनगर पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाजों का पता लगा रही है।

## फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने वाला शातिर जालसाज गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने मकान पर बैंक से ऋण लेने के बाद फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने वाले फरार चल रहे एक जालसाज को क्षेत्र से ही सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सरोजनीनगर थाने के उप निरीक्षक अंकित बालियान के मुताबिक बिहार प्रांत के भोजपुर स्थित राजा बाजार मेन रोड बड़हारा निवासी जयप्रकाश गुप्ता ने बीते 6 सितंबर 2024 को सरोजनीनगर के जनकपुरी कॉलोनी निवासी नीलम अवस्थी और अजय अवस्थी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने कहा था कि उसने अपनी भाभी मालती देवी के नाम 11 सितंबर 2018 को नीलम अवस्थी से सरोजनीनगर के अमौसी स्थित खसरा संख्या 1674 का मकान खरीदा था। तब उसने बयाने के तौर पर डेढ़ लाख रुपये, जबकि बाद में नीलम अवस्थी के खाते में 4 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। इसके बाद वह उक्त मकान पर काबिज भी हो गया था। लेकिन 21 अगस्त 2024 को परिचित श्रीधर मिश्रा से पता चला कि गौरी स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के कर्मचारी उक्त मकान पर पहुंचे और उस पर लोन होने की बात कही। यह पता चलने पर जब पीड़ित ने बैंक पहुंचकर जानकारी की तो पता चला कि उक्त मकान पर फर्जी तरीके से नीलम अवस्थी और अजय अवस्थी द्वारा निबंधन कार्यालय से मालती देवी के नाम कूटरचित बैनामा कर दिया गया और उसमें अजय अवस्थी गवाह बन गए। बाद में उन्होंने बैंक से लोन ले लिया। जानकारी होने के बाद जब उनसे कहा गया तो उसने मालती देवी के फर्जी हस्ताक्षर युक्त छाया प्रति दिखाई, जो पूर्ण रूप से फर्जी और कूट रचित निकली। इसके बाद पीड़ित ने दोनों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। यह जानकारी होने पर आरोपियों ने पीड़ित को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। उप निरीक्षक अंकित बालियान ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर नीलम अवस्थी और अजय अवस्थी की तलाश की जा रही थी। लेकिन दोनों फरार चल रहे थे। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि अजय अवस्थी थाना क्षेत्र के ही एयरपोर्ट कामर्शियल तिराहे के पास मौजूद है। सूचना पाकर पहुंचे उप निरीक्षक अंकित बालियान, उप निरीक्षक ब्राह्मकांत मिश्रा, उप निरीक्षक प्रशांत सिंह, ने उसे वहां से धर दबोचा और कार्रवाई करते हुए अजय अवस्थी को जेल भेज दिया है।

## जमीने दिलाने के नाम पर साढे चार लाख हड़पने वाले जालसाज पर मुकदमा दर्ज

**(पीड़िता की शिकायत पर सचिव गृह के आदेश पर दर्ज हुआ नगराम थाने पर जालसाज पर मुकदमा)**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के फत्तेखेड़ा गांव निवासख सोनिका ने गृह विभाग के सचिव डा०राजीव गुप्ता से लिखित शिकायत करते हुये बताया था उसके स्व० पति कर्ण अर्जुन से 2018 में नगराम क्षेत्र में जमीन दिलाने के लिये संतलाल निवासी इस्माईलनगर थाना नगराम ने नगद व बैंक के जरिये पांच लाख रुपए लिये थे,लेकिन जमीन नही दिलाई थी,जिसके बाद पति ने नगराम थाने में शिकायत की थी तो पचास हजार रुपए वापस किये थे ओर बाकी का साढे चार लाख रुपए जल्द देने की बात भी कही थी,लेकिन उसके बाद पति की कोरोना की चपेट में आकर मौत हो गयी थी। जिसके बाद उसने आरोपी से पैसे वापस कराने के लिये नगराम थाने समेत पुलिस अधिकारियो से शिकायत भी की लेकिन कोई कार्यवाही नही हुयी ।गृह सचिव ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये लखनऊ पुलिस को आरोपी के विरूद्ध मुकदमा कार्यवाही के निर्देश दिये ।जिसके बाद नगराम पुलिस ने आरोपी संतलाल के विरूद्ध पैसे हड़पने की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

## संक्षेप

### पट्टे की भूमि पर दबंग कर रहे जबरन कब्जा

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र मीर खेड़ा गांव निवासी जगपाल पुत्र बुद्दा ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि टिकैतगंज गांव के बाहर 40 साल पहले मेरा व मेरे छोटे भाई राजेश को पांच-पांच बिसुवा जमीन का पट्टा हुआ था ,जिसपर दोनों भाई वर्षो से काबिज है , तभी शनिवार रात खपरा मुस्लिम गांव निवासी कलीम, रईस, नसीम जेसीबी मशीन से खेत के किनारे किनारे गड्ढे खोदकर पिलर गाड़ने लगे,जानकारी होने पर देखने गए तो गाली गलौज कर भगा दिया, पीड़ित ने आरोप लगाया कि कई बार एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन जांच करवाना मुनासिब नहीं समझा, एसडीएम रामदेव निषाद ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर लेखपाल को भेज कर जांच कराई जायेगी।

### विद्यालय का वैन चालक छात्रा लेकर हुआ फरार, दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत स्कूल वैन चालक ही नाबालिका छात्रा को भगा ले गया।पिता द्वारा नामजद तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गाँव से पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। गुरुवार रात करीब 9.30 बजे से गायब है।काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसकी लड़की को लालू पुत्र कंधई निवासी ग्राम नयाखेडा पोस्ट टेढा थाना बीघापुर बहला फुसलाकर अपने साथ कही लेकर चला गया लालु पुत्र कंधई यादव महावीर इन्टर कालेज में बैन चलाता था।लालु ही उसकी लडकी को अपनी बैन में लाता था। उसी के द्वारा मेरी लड़की को रात में बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है। थाना प्रभारी धर्मेंद नाथ मिश्रा ने बताया पिता की तहरीर पर नामित युवक पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।लड़की की खोज के प्रयास किये जा रहे है।

### चोरियों की घटनाओं से दहशत में ग्रामीण

सुमेरपुर, उन्नाव।तहसील क्षेत्र मे चोरी हो जाना आम बात हो गयी। लगातार चोरी पर चोरी होने के बाद भी एक भी घटना का खुलासा न होना पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है। बारा सगवर के गाँव झगरपुर निवासी अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र अमर नाथ सिंह की मोटर साइकिल चोरी हो गयी। अभिषेक ने बताया उसकी हीरो एच एफ डीलक्स डी. आर. के. यूपी 35 बी यूं 0575 है । मोटर साइकिल बीती 26/02/2025 को घर के बरामदे में खड़ी थी और वह अपने खेत की रखवाली करने गया था।सुबह जब लौट कर आया तो देखा कि मोटर साइकिल नहीं था।इधर उधर पता किया मगर गाड़ी का कोई पता नहीं चला।गाड़ी की चाभी भी मेरे पास थी अतः मोटर साइकिल लाक तोड़कर चोरी हो गई है।कई दिनों तक ढूंढने के बाद भी मोटर साइकिल का कोई पता नहीं चला है तब आकर पुलिस से मदद मांगी है इससे पूर्व तहसील के सर्वेसर्वा उपजिलाधिकारी के अर्दली की बाइक तहसील प्रांगड़ के अंदर से चोरी होना,तकिया में लगे उर्स से बाइक चोरी होना एक महीने के अंदर तीन बाइक चोरी हो जाने पर भी किसी का खुलासा पुलिस द्वारा नही किया जा सका।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।विकास खंड हिलौली क्षेत्र के ग्राम कोरवां स्थित श्री राम सहाँय जूनियर हाईस्कूल में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वाणी पुत्रो ने हास्य व्यंग्य की रचनाओं पर खूब ठहाके लगवाए। देर शाम तक हुए कार्यक्रम मे दिनभर श्रोता एक से एक रचनाएं सुनकर सराबोर रहे। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य मे हुए कवि सम्मेलन की शुरूआत विद्यालय की अध्यक्षा रानी पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके की। इसके बाद कवि निर्मल प्रकाश श्रीवास्तव ने वाणी वंदना करके पढा, तेरी ममता के मंदिर का नन्हा एक दिया हूँ माँ। हास्य कवि जमुना प्रसाद पांडेय अबोध ने जहाँ पर धर्म होता हैं वही पर धाम होते हैं।जो मरते हैं दुसरो पर हैं, उन्ही के नाम होते हैं। सुनाकर खूब तालियां बटोरी। श्रृगांर के कवि शिवम हवृगामी फतेपुर ने रचना पढ़ा कौन कहता हैं शूल हैं बेटी, घर के आँगन का फूल हैं बेटी वहीं मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल रायबरेली ने पढ़ा सावित्री ने छीन लिए यमराज से पति के प्रान, यमराज को पति प्रान भेंट करती मुस्कान।संदीप शरारती रायबरेली ने पढ़ा अज्ञानी को ज्ञान बनाकर शिक्षक श्रेष्ठ बनाता है, शिक्षक से बढ़कर कोई भगवान नही हो सकता है। रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। इससे पूर्व के प्रबंधक दयानिधि पांडेय राहुल ने सभी कवियों व अतिथियों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।संचालन कवि अनुज अवस्थी ने किया।प्रधानाचार्य रामशंकर अवस्थी, मदन मोहन, हनुमान, ओमप्रकाश, सुषमा पांडेय, अर्चना तिवारी, बन्दना तिवारी,दिवाकर, बृजेन्द्र, रामकमल व्यवस्था संभाले रहे। इस दौरान शिवकंठ त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह,त्रिभुवन दीक्षित राजू सिंह,अमित वर्मा, रजनीश सिंह,ब्रजेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मनुष्य के जीवन का भी लक्ष्य होना चाहिए अमृतमयी-द्वारिकाधीश

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव रौतापुर धानीखेडा स्थित जगन्नाथेश्वर धाम में चल रही शिवपुराण कथा के छठे दिन वृंदावन धाम से आए कथा वाचक द्वारकाधीश महाराज ने समुद्र मंथन की कथा का विवेचन करते हुए कहा कि समुद्र मंथन का अंतिम लक्ष्य अमृत प्राप्त करना है।मनुष्य के जीवन का भी लक्ष्य अमृतमयी होना चाहिए।

शिव पुराण की कथा सुनाते हुए छठे दिन कथाव्यास द्वारकाधीश महाराज ने कहा कि देवता और दानव सबसे शक्तिशाली बनने की अभिलाषा रखते हुए भगवान विष्णु के पास गए भगवान विष्णु ने उन्हें क्षीर सागर का मंथन कर अमृत प्राप्त कर उसे पीने से अमृत प्राप्त कर उसे गृहण करने के महत्व को बताया। देवता और दानव दोनों ने अमरत्व को प्राप्त करने के लिए मंदराचल को मथानी और सर्पो के राजा वासुकि नाग को रस्सी के रूप में प्रयोग कर क्षीर सागर का मंथन किया। सागर का मंथन शुरू होते ही सबसे पहले कालकूट नामक भयानक कालकूट विष निकला।विष से घबराकर लोग शिव की शरण में गए भगवान शिव ने विष को पान कर अपने कंठ में धारण कर लिया और भगवान नीलकंठ कहलाए। जो समाज के विष को समाज के हित के लिए धारण करता है वह भगवान नीलकंठ के समान होता है।आचार्य ने कहा कि मानव मन का निरंतर मंथन होना चाहिए मन के मंथन से सबसे पहले विष बाहर निकलेगा और इस तरह से अंतिम पड़ाव से मन से अमृत निकलेगा जब मन में अमृत रूपी विचार होंगे तभी समाज और राष्ट्र का कल्याण होगा।कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व सैनिक संजय पाण्डेय, रामकुमार, सोनू महाराज, शिम्पू, अमित पाण्डेय, पप्पू सिंह आदि रहे।

# इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम कार्यालय में की भेंट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश जिला उन्नाव इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का एक प्रतिनिधि मंडल डॉक्टर मोहम्मद मतीन खान प्रदेश अध्यक्ष और कानपुर के जिला अध्यक्ष अतीक अहमद की अगवाई में उन्नाव जिला अधिकारी कार्यालय में जाकर मुलाकात की और डी ?म साहब को अवगत कराया 15 मार्च को उन्नाव जिले के कासिम नगर में मोहम्मद शरीफ खान की होली खेल रहे अराजक तत्वों ने जबरन उनके ऊपर रंग डाल दिया था जिसका शरीफ खान ने विरोध किया था इसी बात को लेकर उन लोगों ने शरीफ खान को



लात घुसो से मारा जिसके कारण उनकी मौके पर मौत हो गई थी प्रदेश अध्यक्ष ने डीएम साहब से बोले कि मृतक की पांच बेटियां हैं मृतक के परिवार को 50 लख रुपए वह सरकारी नौकरी वा आर्थिक मदद दी जाए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट व राज्यसभा सांसद हांरीश बीरन साहब के कहने पर हम उन्नाव जिले में पीड़ित परिवार से वह डीएम साहब से मिलने आए हैं उन्नाव जिला अध्यक्ष मोहम्मद अहमद साहब की अगवाई में पूरी टीम ने उनके साथ जाकर शिरकत की जिसमें मुस्लिम लीग जिला उपाध्यक्ष दिलशाद खान साहब जहीर साहब आफाक खान साहब मोहम्मद फहीम साहब मोहम्मद नफीस साहब मोहम्मद अनीस साहब भाई मोहम्मद आदि लोगों ने शिरकत की।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थाना बारासगवर में एक मामले में कुछ दिन पीड़िता द्वारा घर मे घुसकर धमकी देने व दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था । उक्त मामले नामित अभियुक्त कई दिनों से फरार चल रहा था। मुखबिर की खास सूचना पर वांछित चल रहे अभियुक्त शत्रुधन गुप्ता पुत्र स्व0 श्याम बिहारी उम्र करीब 50 वर्ष नि0ग्राम धानीखेड़ा को सोमवार को उ0नि0 ओमप्रकाश यादव मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा धानीखेड़ा से गिरफ्तार किया गया।

# चल रहे अवैध हुक्का बार पर पुलिस ने चलाया अभियान, रंगे हाथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।पुलिस ने शहर में चल रहे अवैध हुक्का बार रेस्तरां के खिलाफ अभियान चलाया है। अभियान के तहत पुलिस ने शहर के तीन नामी रेस्तरां में छापा मारने की कार्रवाई की है।छापेमारी के दौरान तीनों रेस्तरां से 21 हुक्का, 18 चिलम और तम्बाकू समेत कई चीजों को बरामद किया है। पुलिस ने मौके से आठ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर सदर कोतवाली और एसओजी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली इलाके में कई नामी रेस्तरां है।यहां के कुछ रेस्तरां में खाने पीने के समान के साथ हुक्का बार भी चलाया जा रहा था।हर दिन और हर शाम यहां युवाओं की भीड़ रहती थी, जिनकी उम्र 20 से 28 साल के बीच की होती थी। जिसकी शिकायत लगातार पुलिस को मिल रही थी। शिकायतों को देखते हुए एसपी दीपक भूकर ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।बता दे कि एसपी के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस, सर्विलांस और एसओजी की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर नगर के फूड कोस्टा रेस्तरां, फ्लोर हाउस रेस्तरां और पिज्जा रेव रेस्तरां में छापी मारी की।छापे मारी के दौरान पुलिस टीम को मौके से 21 हुक्का, 18 चिलम, 18 पाइप, 23 पैकेट तंबाकू सहित कई समान बरामद हुए है।तीनों रेस्तरां से पुलिस ने 8 युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी युवकों की उम्र 18 वर्ष से लेकर 28 साल के बीच की है। ज्यादातर युवक सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्टर , हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। अजगैन मोहान मार्ग छोटा खेड़ा गांव के पास मामा के घर से वापस घर जा रहे बाइक सवार युवक को अजगैन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को रौंदते हुए लखनऊ की तरफ भाग निकला, घटना स्थल पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजन रो-रो कर बेहाल हो गएअजगैन मोहान मार्ग छोटा खेड़ा गांव के पास चमरौली गांव निवासी अभिषेक त्रिवेदी 23 वर्ष शनिवार को क्षेत्र के ही मौलाबाकीपुर गांव निवासी अपने मामा, संतोष शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला के घर आया था, सोमवार को युवक बाइक से वापस घर जा रहा था अभी वह छोटा खेड़ा गांव के पास पहुंचा ही था कि अजगैन की तरफ से आ रहे मौरंग भरे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को रौंदते हुए लखनऊ की तरफ भाग निकला, घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई, मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था छोटा भाई अनुराग , अनुपम, पिता प्रताप नारायण त्रिवेदी सहित मां सुमन रो-रो कर बेहाल हो गए,मृतक नवाबगंज हीरो हांडा एजेंसी में काम करता था,

कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि डंपर की टक्कर से युवक की मौत हुई है परिजनो ने अभी तक तहरीर नहीं दी।तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जाएगी।

# निजी अस्पताल के डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत, शव रखकर परिजनो ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। एक निजी अस्पताल में चिकित्सकीय लापरवाही के चलते फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के नगर पंचायत उगू कस्बा गढ़ी निवासी कुलदीप पटेल की 32 वर्षीय पत्नी राधा रानी का बीती 18 अक्टूबर को सिटी हॉस्पिटल में सिजेरियन ऑपरेशन किया गया था।

ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उन्नाव ले गए। जिला अस्पताल में उचित इलाज न मिलने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। पेट में लगातार दर्द की शिकायत के बाद उसे लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।यहां ऑपरेशन के दौरान महिला के पेट से कपड़ा निकला।

सोमवार दोपहर 1 बजे इलाज के दौरान राधा रानी की मौत हो गई।मृतका के पीछे 4 वर्षीय बेटी सिद्धि और 5 माह का बेटा विनायक हैं। मौत की खबर सुनते ही परिजनों ने बांगरमऊ के सिटी हॉस्पिटल के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया और अस्पताल की होर्डिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर निजी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद से परिवार में मातम का माहौल है।

# बक्सर सत्संग भवन में हुआ भव्य होली मिलन समारोह

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव बक्सर स्थित मां चण्डिका देवी दरबार के सत्संग भवन में रविवार देर रात तक होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाई व शुभकामनाएं दी।सत्संग भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि एमएलसी रामचन्द्र प्रधान ने कहा कि भारतीय परंपरा में होली का त्योहार आपसी वैमनस्य को समाप्त करता है। रंग लगाकर आपसी कटुता को भुलाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह सनी ने कहा कि गांव स्तर पर चौपाल पर होने वाली फाग गाकर हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाना भारतीय संस्कृति की अनुपम धरोहर है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में होली का त्यौहार प्रेरक है जहां लोग आपसी मनमुटाव उच नीच छुआछूत का भेदभाव मिटाकर आपस में गले मिलकर एक दूसरे को लोग बधाइयां देते है। दरवाजे दरवाजे जाकर मंगल गीत गाकर सुख समृद्धि की कामना की



जाती है।कार्यक्रम आयोजक नागेंद्र यादव ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश कुमार रिंकू, भगवंतनगर अध्यक्ष रिंकू शुक्ला, मुन्ना सिंह बक्सर, रामबदन प्रधान प्रतिनिधि, माखन लाल द्विवेदी, संजय, जीतेन्द्र सिंह गुड्डू, रवि, सरवन, जयचंद, अमित पाण्डेय, कृष्णदेव, अनिल कुमार, पंकज आदि रहे।

# बालेश्वरी मंदिर में श्री राम लीला का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पडरी के प्राचीन बालेश्वरी मंदिर में चल रहे वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन राम लीला का मंचन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकारों के जीवंत अभिनय को देख कर दर्शक मंत्र मुग्ध रहे। पूर्व प्रधान छन्नू लाल त्रिवेदी द्वारा किए गए जनक विलाप के अभिनय को देख कर दर्शक भी गमगीन हो गए।वही शिव



धनुष के खंडन से क्रोधित परशुराम से लक्ष्मण के बीच हुईतीखी नोंकझोंक दर्शकों को खूब भाई। इसके अलावा रावण बाणासुर संवाद कोभी लोगो को सराहा। राम का अभिनय अभिनव कुमारलक्ष्मण दया बाजपेई विश्वामित्र कृष्ण स्वरूप शुक्ला जनक रावण ओमप्रकाश त्रिवेदी बाणासुर अन्नू शुक्ला परशुराम पंडित कुलदीप व्यास जी सुदेश शास्त्रीकौशिक तथा विदूषक की भूमिका में टिंकू कानपुरी रहे। कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने भगवान राम की झांकी की आरती उतारी। ललित मिश्रा, मनीष अवस्थी ,सुनील दीक्षित, विकास मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सदस्य , राजन शुक्ल, भोला त्रिवेदी,दीनू त्रिवेदी, रानू त्रिवेदी प्रधान, योगेंद्र प्रताप सिंह, उत्तम लोधी रहे।

# महनौरा गौसिया मस्जिद में कुरआन मजीद तीस पारे की तरावीह की नमाज के साथ मुकम्मल

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। ग्राम महनौरा में माहे रमजान का मुबारक महीना मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बहुत ही पाक व रहमतों का महीना होता है।इसमें एक माह रोजा रखकर भूखे प्यासे रहकर शिद्दत से इबादत कर अपने गुनाहों की माफी मांगने व अपने रब को राजी करने में जुटे रहते हैं जिसमें रोजदार पूरे एक माह रोजा रखकर कुरान शरीफ की तिलावत व पांच वक्त की नमाज पढ़ते हैं। अपनी जान माल की हिफाजत के लिए फितरह व जकात भी अदा करते हैं, जो गरीब मिस्किन को दिया जाता है और रोजदार तराबीह भी पढ़ते व सुनते हैं। इसको लेकर इतवार को महनौरा स्थित गोसिया मस्जिद में कुरआन मजीद तीस पारे व तरावीह नमाज के साथ मुकम्मल की गई। इस अवसर पर गौसिया मस्जिद के इमाम हाफिज फुरकान रंजा साहब ने मुकम्मल तौर पर पूरा कुरान सुनाया जिसकी तक मिल में हाफिज हारुन रजा साहब हाफिज रईस साहब मौलाना सुफियान हाफिज दानिश साहब हाफिज आरिफ साहब हाफिज जिंशान साहब जिगर उलेमा भी तशरीफ लाए नमाजे तरावीह में मौजूद रहे।उन्होंने देश की तरक्की व चैन ओ अमन देश की हिफाजत के लिए दुआ मांगी व तबरुख तस्कीन किया।इस मौके पर शरीफ खान समीम खान मेराज खान मुमताज खान चांद मोहम्मद जांन मोहम्मद इस्लाम कुरैशी फकीर मोहम्मद कुरैशी पीर मोहम्मद कुरैशी साहिल खान सोहेल खान आदिल खान मोहम्मद आमिर आसिफ मोहम्मद शाहिबे ए आलम नूर आलम आयोजन में गांव के सभी मोमिन भाई मौजूद रहे।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।विकास खंड की ग्राम पंचायत करीमुद्दीनपुर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिविर का उद्घाटन किया।विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस मेगा कैंप में लोग विभिन्न प्रकार की जांच निःशुल्क करा सकते हैं।साथ ही मुफ्त दवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगवाकर लोगों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रख रही है।शिविर में डॉक्टर ग्रामीणों की जांच कर रहे हैं और आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने डॉक्टरों को सम्मानित किया। उन्होंने एनसीसी के युवाओं से भी मुलाकात की।कार्यक्रम में अमितेश सिंह, नीरज गुप्ता, संतोष तिवारी, महिपाल कटियार, जयपाल पटेल और बबलू पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्री मद्भभागवत कथा में कथा वाचक भक्तों को करा रहे कथा का रसपान

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम गौरिया कलां में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस वृंदावन के विख्यात भागवताचार्य पं रामदेव तिवारी ने श्रद्धालु भक्तों को गुह्यतम कथा रासलीला का रसपान कराया। उन्होंने उपदेश दिया कि जीव और ब्रह्म का विलास ही महारास है।कथा व्यास आचार्य तिवारी ने कहा कि जीव अपने ब्रम्ह से मिलन के लिए आतुर रहता है और जब दोनों का मिलन हो जाता है, इसी को महारास कहते हैं। जब गोपियां दसों इंद्रियों से विकर्मों का त्याग कर परमात्म रस से संतृप्त हो गईं। तब उन्हें परमपिता परमात्मा से साक्षात्कार हो गया।भगवान कृष्ण की बंशी की विस्तृत व्याख्या करते हुए भागवताचार्य ने कहा कि बंशी अपने वंश अर्थात बांस से अलग हो जाती है और वह तपस्या रूपी अग्नि के द्वारा मूलाधार चक्र से लेकर सहस्त्रा धार तक सातों ग्रंथियों का भेदन करा लेती है, इसी को बांसुरी कहते हैं।यही बंशी भगवान कृष्ण के अधरामृत का पान करती है। इसलिए परमात्मा का सानिध्य प्राप्त करने के लिए भक्त को बंशी बनना पड़ेगा। अंत में आयोजक प्रताप सिंह ने भगवान कृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरित किया।

## सम्पादकीय

# जाति-धर्म की जंजीरें जितना जल्द तोड़ दें, उतना अच्छा

हमारे कानून में सबके समान अधिकार हैं। सबसे कमजोर समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। आजादी के बाद से अब तक सरकारों ने भी अनेक तरह की सुविधाएं, लाभ देकर कमजोर तबके को सक्षम बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए। न जाने कितने जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन इन सबके बावजूद आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो न केवल शर्मसार करने वाली हैं बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि हम 21वीं सदी में पहुंचने के बाद भी भेदभाव से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। बीते दिनों एक के बाद एक दो ऐसी ही खबरें सामने आई। आगरा के धनौली गांव में रहने वाले मुकेश के बेटे की शादी 6 मार्च को थी। गांव के एक रसूखदार परिवार ने बारात रुकवा दी। मुकेश कहते हैं, 'हम दलित हैं, इसीलिए हमारे साथ ऐसा हुआ। हमारे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जब मामला सुर्खियों में आया तो 10 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। जाति के नाम पर ये बर्ताव झेलने वाले मुकेश अकेले नहीं हैं। उतरप्रदेश के ही बुलंदशहर में फरवरी में एक गांव से ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। यहां भी दलित परिवार के लड़कों को बैंड-बाजे के साथ बारात नहीं निकालने दी गई। हर दिन ऐसी खबरों से अखबारों के पन्ने अटे मिलते हैं। जाहिर है कि ये कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। ये वो दाग हैं जो हमारे विकसित होने पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। क्या विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर, सड़क, शेयर बाजार, उद्योग, एफडीआई वगैरा ही हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लिए बिना विकास की बात करना भी बेमानी है। अगर आप इस तरह के मामलों पर किसी भी उच्च वर्ग से बात करें तो वे तपाक से कहते हैं कि अब ऐसी घटनाएं यदाकदा ही होती हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में 2018 में दलित उत्पीड़न के 42793 केस दर्ज हुए वहीं 2022 आते-आते यह संख्या बढ़कर 57582 हो गई। देश के सबसे बड़े राज्य उतरप्रदेश में 2018 में दलित पर अत्याचार के 11924 मामले दर्ज हुए वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 15368 हो गई। अब बताए कहां कम हो रहे हैं दलितों पर अत्याचार। देखा जा सकता है कि रवींद्रनाथ, प्रेमचंद और गांधी के दौर से ही जाति और धार्मिक समुदाय पर आधारित राष्ट्रवाद का एक अटूट सिलसिला रहा है। यह भी साफ है कि आम जनमानस में बड़े पैमाने पर मौजूद जातिवाद, धार्मिक रूढ़ियों और सामंती निरंकुशता को आजादी के बाद दूर करने का सचेत रूप से व्यापक प्रयास भी किया गया, लेकिन समाज में गहरी जड़ें जमा चुका भेदभाव महज कुछ कम हुआ है, खत्म होना आज भी दूर की कौड़ी है। यह भी देखा जा सकता है कि भारत की बहुलता में श्रेष्ठता के काफी तत्व हैं। उन्हें अब भी खोजकर उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन ऊंच-नीच भारतीय जनता की एकता और सांस्कृतिक सुधार के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि हमारे पास क्या चीजें ज्यादा हैं, अतीत की बुरी स्मृतियां या भविष्य के बड़े स्वप्न। इसी पर निर्भर करेगा कि भारत के भावी इतिहास में यह भेदभाव क्या रंग दिखाएगा। इस समय न वैश्वीकरण एक जाति और एक धर्म को लेकर चल सकता है और न ही लोकतंत्र एक विशेष जाति और एक विशेष धर्म को लेकर विकसित हो सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया का बदलना अभी रुका नहीं है। इसलिए पुरानी खाइयां और जंजीरों को जितनी जल्द तोड़ दिया जाए उतना अच्छा है, वरना हम विकसित नहीं पिछड़े ही रहेंगे।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपनें दिखाई दे रहे, उनके कारण जहाँ दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

## शहीदी दिवस

विवेक शुक्ला



# हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्वूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अख़बार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित

दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

# कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - **महेश पांडे**, धमतरी

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइलों के परीक्षण का किया दावा

उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए।



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है।



## ट्रेंड

### उल्लेखनीय उपलब्धि



एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार करना उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नक्सलमुक्त होगा देश



मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पारिस्थितिक संतुलन



गौरैया कीड़े-मकौड़ों और कीटों को खाकर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो परागण और बीज प्रसार के वाहक भी हैं।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी

### कारखानों का दूषित जल



उप्र के भ्रष्टाचारी शासन की नदी से प्रदूषित प्रशासन की नहर निकली है जो मुजफ्फरनगर में कारखानों के गंदे जल को गंगा नहर में जाने से नज़रअंदाज़ कर रही है। इससे खेती भी प्रदूषित हो रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## संक्षेप

### जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सुरक्षा एवं सुशासन को आगे बढ़ाएंगे: डॉ हरिश्चन्द्र

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ हरिश्चन्द्र उर्फ बंटू भैया ने बृजेश पाण्डेय कों जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनायें दी एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।बताते चले पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज डॉ हरिश्चन्द्र उर्फ बंटू भैया नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष बहराइच बृजेश पाण्डेय कों बीते शनिवार कार्यालय स्थिति बहराइच पहुंचकर पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी हाई कमान के निर्णय की सराहना की। बधाई देने वालों में जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरुण सोनकर, अनुज श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश मिश्रा, रोहित पाठक सहित तमाम भाजपाईयों, व्यापारियों, समाजसेवियों, शुभचिंतकों ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष कों बधाई दी।

### हाइवे पर बाइक खंभे से टकराई

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, गजरौला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे-9 पर गांव ख्यालीपुर के पास एक बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरादाबाद के कुंदरकी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पैठ बाजार निवासी नूर मोहम्मद (43) के रूप में हुई। वह नगर पंचायत कुंदरकी में बिजली फीडर के पद पर कार्यरत थे। नूर मोहम्मद शनिवार को अपनी बाइक से कुंदरकी से मेरठ जा रहे थे। गजरौला थाना क्षेत्र में ख्यालीपुर ढाल के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को गजरौला सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टीबी मुक्त भारत के लिए मैराथन

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने अमरोहा के गजरौला में 'रन टू एंड टीबी' मैराथन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड, रोटरी क्लब भरतिया ग्राम और खेतान वर्ल्ड स्कूल का सहयोग रहा। डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनंद और सीडीओ डॉ. एसपी सिंह ने 'टीबी हारेगा, इंडिया जीतेगा' के नारे के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। मैराथन खेतान वर्ल्ड स्कूल से तिगरी तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में हिमांशु ने प्रथम, हरविंदर ने द्वितीय और अनिल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं में उदीशा प्रथम, माही चौधरी द्वितीय और आस्था तृतीय स्थान पर रहीं।

## एसकेएस कालेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में सोमवार को विश्व टीबी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, स्लोगन, भाषण का आयोजन छात्र- छात्राओं द्वारा किया गया। छात्र - छात्राओं ने कालेज से चेतरा गांव ? तक हम सबका एक ही नारा, टीबी मुक्त हो देश हमारा का नारा लगाते हुए रैली निकाली। गांव में नुक्कड़ नाटक व पोस्टर के माध्यम से लोगों को टीबी से संबंधित विधिवत जानकारियां दी गई। नर्सिंग कालेज के प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी है। और यह लाइलाज बीमारी नहीं है। तीन माह से लगातार खांसी आना, वजन कम होना, रात को सोते समय पसीना आना, खांसी के साथ बलगम आना, बुखार ये सब टीबी के लक्षण है। लक्षण दिखते ही तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से संपर्क करें। पोषण का वितरण भी किया गया। इस मौके पर शिक्षक चंदन शर्मा, उदय वर्मा, फरहत खान, आंचल सिंह, आलोक शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया, मोहम्मद अशरफ, सुनिधि शुक्ला, प्रतीज्ञा पाठक, रोशनी, सुषमा गिरी, संगीता, मधु उपाध्याय मौजूद रहे।

## कतर्नियाघाट में सफारी के दौरान बाघिन देख रोमांचित हुए पर्यटक

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच।सोमवार कतर्निघाट वन्य जीव अभ्यारण्य मे फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट के अध्यक्ष बी डी लखमानी और कुछ अन्य पर्यटक सुबह की जंगल सफारी पर निकले। इस दौरान सभी चीतल हिरण के झुंड, जंगली मुर्गा, भारतीय मोर का नजारा कर रहे थे और उनके चित्र अपने कैमरे में कैद कर रहे थे सभी की इच्छा थी कि बाघ, तेंदुआ या जंगली हाथियों में से किसी के भी दर्शन हो जाए। जंगल में आगे बढ़ने पर एक स्थान पर चीतल हिरण के जोर जोर से बोलने की आवाज सुनाई पड़ी, जिप्सी चालक ने गाड़ी रोककर सभी को बिल्कुल शांत रहने को कहा, लगभग 10 मिनट के बाद एक बाघिन आती हुई दिखाई पड़ी, जिसे देख सभी दंग रह गए, बाघिन एक रास्ते से दूसरी ओर जंगल में चली गई। इस दौरान लखमानी ने उसका वीडियो बना लिया और कुछ तस्वीरें खींच ली। उन्होंने बताया कि इस समय सुबह और शाम की



सफारी में पर्यटकों को रोज टाइगर दिख रहे हैं। डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिव शंकर ने बताया कि कतर्नियाघाट में अब लगातार बाघ व तेंदुए दिखाई दे रहे जिससे पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं।

## इको पर्यटन कर्मियों का किया उत्साहवर्धन, भेंट कि मिठाई एवं चाभी के छल्ले




अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच।फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट की ओर से संस्था के प्रमुख बीडी लखमानी ने कतर्नियाघाट में पर्यटकों को वन्य जीवों, पक्षियों एवं जलीय जीवों के दर्शन कराने वाले 50 ईको पर्यटन कर्मियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर पर्यटन कर्मियों को संबोधित करते हुए लखमानी ने कहा कि कतर्नियाघाट पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए सफारी और बोटिंग कराते समय उन्हें पूरा समय दें ताकि पर्यटक अधिक से अधिक वन्य जीवों, पक्षियों एवं जलीय जीवों को देख सकें और उनके चित्र अपने कैमरे में कैद कर सकें, पर्यटकों को जंगल की भौगोलिक स्थिति बाघ, तेंदुओं एवं जंगली हाथियों के बारे में रोमांचक एवं जंगल में पाए जाने वाले पक्षियों की विशेषताओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इनके संरक्षण के प्रति जागरूक भी करें। इस अवसर पर सभी इको पर्यटन कर्मियों को होली की मिठाई खिलाते हुए फ्रेंड्स आफ कतर्नियाघाट द्वारा बाघों को बचाने का संदेश देते हुए बनवाये गए चाभी के छल्ले वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के लिए डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिव शंकर एवं रेंज आफिसर कतर्नियाघाट आशीष गौड़ ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## नवाबगंज के परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा शुरू

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज में सोमवार से परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई है। प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुर, बसंतपुर उदल, किंगहरियनपुरवा, गुरचाही, कनहरा, गेलहीगांव, उच्च प्राथमिक विद्यालय बसभरिया, सहाबा, कोदरैला सहित अन्य विद्यालयों में शिक्षकों की देखरेख में परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक परीक्षा दो पालियो में निर्धारित किया गया है। पहली पारी सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक चलेगी। कक्षा चार- पांच के छात्रों ने हिंदी की परीक्षा दी। जबकि कक्षा 2-3 के छात्रों ने गणित।वही दूसरी पाली 12:30 से 2:30 बजे तक निर्धारित है। अधिकांश स्कूलों में निरीक्षण के समय छात्र अपनी-अपनी कक्षा में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा देते हुए नजर आये। मिली जानकारी के अनुसार कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की परीक्षा 28 मार्च तक आयोजित होंगी। प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुर का निरीक्षण किया गया।जहाँ नियमानुसार बच्चें परीक्षा देते मिले। खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने बताया है कि सभी स्कूलों पर ब्लॉक संसाधन केंद्र के माध्यम से प्रश्नपत्र पहुंचाया जा चुका है। परीक्षा कों गंभीरता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के निर्देश किये गए है। नकलविहीन व शुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा कराई जा रही है।इस मौके पर शिक्षक सत्यभानु, अरविन्द वर्मा, पवन गुप्ता, विनोद गिरि, वैभव सिंह विशेन, जीतेन्द्र शर्मा, विनय सिंह, विकास वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## एसएमसी पदाधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में गठित विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारीयों को उनके अधिकार व कर्तव्यों का बोध कराने के उद्देश्य ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया। बीएसए बहराइच के निर्देशन में आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद स्तरीय संदर्भदाता राजेश कुमार मिश्रा व श्री प्रकाश वर्मा ने प्रतिभागियों को बाल अधिकार एवं बाल अधिकारों का संरक्षण, निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के मुख्य प्राविधानों, विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल, दायित्व एवं कार्य, विद्यालय विकास योजना, सोशल ऑडिट ,आउट आफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन, नामांकन तथा विशेष प्रशिक्षण, बालिका शिक्षा, आपरेशन कायाकल्प में विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य एवं दायित्व तथा विद्यालय विकास में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागीगण प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए विद्यालय प्रबंधन समितियों को सुदृढ़ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस दौरान डीसी निर्माण राकेश सिंह तथा डीसी एमडीएम राकेश मिश्रा व जिला समन्वयक प्रशिक्षण अनुराग कुमार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुनील कुमार, विपिन चौधरी, राकेश मौर्या, सुशील पोरवाल, ओमप्रकाश वर्मा, अनिल मिश्रा, अतुल त्रिपाठी, प्रदीप पांडेय, संत कुमार चौबे, शगीर अहमद, सुकुमार सरकार अतुल सिंह सहित प्रत्येक विकासखण्ड से चार-चार संदर्भदाताओं को प्रशिक्षित किया गया।

## तेज रफ्तार पिकअप पलटी और लगी आग

- अमेठी में ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, दमकल विभाग ने पाया काबू

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, कमरौली में लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कठौरा गांव के पास आईटीसी के सामने एक पिकअप वाहन पलटकर आग का शिकार हो गया। इस हादसे में पिकअप वाहन तेज गति से जा रहा था। अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। पलटते ही वाहन में आग लग गई। हालांकि, ड्राइवर ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचा ली। आग लगने से चारों ओर धुआं फैल गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कमरौली थाना पुलिस दमकल विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने मामले की




जांच शुरू कर दी है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा, लेकिन बाद में सामान्य हो गया।

## कुत्ते के विवाद में युवक को कार से कुचला

### पति को कुचलने के बाद भी आरोपी फरार, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार



बांदा, पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद का मामला हिंसक मोड़ ले लिया। स्वराज कॉलोनी स्टेडियम के पास रात को अंकुर सिंह कछवाह ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर शैलेंद्र गुप्ता को कार से कुचल दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल शैलेंद्र को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज और फिर कानपुर के अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पीड़िता किरन गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि इस घटना की पृष्ठभूमि में पालतू कुत्ते को लेकर हुआ विवाद था। अंकुर ने इसको लेकर अभद्रता की थी। पुलिस के कहने पर उन्होंने कुत्ते को बाहर छोड़ दिया था। अंकुर सिंह और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। पीड़ित परिवार को अपनी जान का खतरा है। पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## मेडिकल छात्रा से प्रोफेसर का बैड टच

### विभाग में बुलाकर गलत इरादे से पकड़कर खींचा, अभद्रता की, जांच के बाद सस्पेंड

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, छेरत स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के फिजियोलॉजी विभाग के प्रवक्ता ने बीएचएमएस छात्रा को बंद कमरे में पकड़ लिया। जैसे-तैसे अपने अपको बचाकर छात्रा बाहर भागी। घटना के बाद से वह डिप्रेशन में है। परिजनों ने शिकायत की तो आनन-फानन में आरोपी प्रवक्ता को गोरखपुर होम्योपैथी कॉलेज से सम्बद्ध और प्रभारी प्राचार्य का मुरादाबाद तबादला कर दिया गया। घटना की गूंज शासन तक पहुंची तो यूपी होम्यपैथी चिकित्सा विभाग के निदेशक ने जांच के निर्देश दिए हैं। अभी कुछ दिन से इसी तरह का मामला हाथरस में भी चल रहा है जिसमें प्रोफेसर ने कई छात्रों को अपनी गंदी हरकतों से शर्मसार कर रखा है। मैनपुरी निवासी बीएचएमएस छात्रा 3 फरवरी 2025 को राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कालेज के फिजियोलॉजी विभाग में गई थी। आरोप है कि प्रवक्ता डा. अमरीश कुमार ने विभाग में उसको गलत मंशा से स्पर्श किया और अभद्रता की। प्रोफेसर की हरकत से परेशान छात्रा बमुश्किल विभाग से बचकर निकली। बाद में प्राचार्य को प्रोफेसर की गंदी हरकत को लेकर 4 फरवरी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि वह घटना से वह गहरे मानसिक अवसाद में है। शिकायत की जांच के लिए डीएचओ मुकेश कुमार मेडिकल कालेज पहुंचे और उन्होंने छात्रा से बात की। जिसके बाद कालेज की जेंडर सेन्सेटाजेशन, लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) कमेटी ने अपनी रिपोर्ट निदेशक होम्योपैथी, उत्तर प्रदेश को भेज दी। शिकायत सही पाए जाने पर आनन-फानन में आरोपी प्रवक्ता को शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बड़हलगंज, गोरखपुर से सम्बद्ध कर दिया गया। बाद में उसे निलंबित कर सोनभद्र मेडिकल कालेज से सम्बद्ध किया गया है। साथ ही प्रभारी प्राचार्य डा. विष्णु शर्मा का मुरादाबाद तबादला कर दिया गया। निदेशक होम्योपैथी के निर्देश पर स्थानीय स्तर पर चार सदस्यीय कमेटी मामले की जांच कर रही है। निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा द्वारा डीएम अलीगढ़ को मामले में जांच के निर्देश दिए गए।

## भक्ति और आस्था का संगम

### भागवत कथा से पहले कलश यात्रा, शिव–पार्वती विवाह कथा का वर्णन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, जयसिंहपुर तहसील के करसा गांव में काली माता चौरा पर सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ। कथा से पूर्व सैकड़ों महिलाओं और युवतियों ने भव्य कलश शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा पूरे गांव का भ्रमण कर कथा स्थल पर संपन्न हुई। अयोध्या से आए कथावाचक शिवाधर मिश्र ने सायंकालीन कथा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की महिमा का वर्णन किया। कार्यक्रम में पंडित दिलीप चतुर्वेदी, जितेंद्र सिंह, शिवनाथ सिंह, कुलदीप सिंह उर्फ पिंटू, नकुल और पूर्व प्रधान अजीत सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दूसरी ओर, पारसपट्टी (कोइलहा) के रसहा बाबा मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे कथाव्यास पंडित सतीश चंद्र शास्त्री ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि माता सती के आत्मदाह के बाद पार्वती रूप में हिमालयराज के घर जन्म लिया। कठोर तपस्या से प्रसन्न हुए शिव ने पार्वती से विवाह किया। कथा में पारसपट्टी, हांसापुर, महमूदपुर जंगल और पांडेयबाबा आदि गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सत्यशील त्रिपाठी, गुड्डू तिवारी, रमाशंकर पांडेय सहित अनेक महिलाएं भी कथा श्रवण में शामिल हुईं।

## रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या की कोशिश

### अमेठी में ट्रेन की चपेट में आने से बायां हाथ कटा, भाभी से हुआ था विवाद



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गंगा बक्श का पुरवा गौरीपुर गांव में भाभी से हुए विवाद के बाद एक युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया। 25 वर्षीय दीपक पुत्र राम शंकर की देर रात भाभी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद के बाद वह आवेश में आकर लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग स्थित ताला रेलवे स्टेशन के पास गेट नंबर 5 पर पहुंच गया। वहां उसने रेलवे ट्रैक पर लेटकर जान देने की कोशिश की। इसी दौरान वहां से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से दीपक का बायां हाथ कट कर अलग हो गया। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वर्तमान में युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है।

## अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही

### क्रूज लाइन कंपनी द्वारा निर्माणाधीन रेस्टोरेंट को किया ध्वस्त, परिक्रमा मार्ग से हटाए अतिक्रमण

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, वृंदावन में यमुना नदी पर चलने वाले क्रूज के लिए निमार्णाधीन रेस्टोरेंट को नगर निगम की टीम ने ध्वस्त कर दिया। यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा द्वारा परिक्रमा मार्ग का किए गए निरीक्षण के बाद की गई। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष ने जिले के आला अधिकारियों के साथ कुंभ मेला क्षेत्र और परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण मिलने पर हटाने के निर्देश दिए थे। केसीघाट के पास बने मथुरा क्रूज लाइन के निमार्णाधीन रेस्टोरेंट पर बुलडोजर चल गया। आला अफसरों की निगरानी में अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। वृन्दावन में देर शाम अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। अधिकारियों की टीम की देखरेख में प्रशासन की टीम ने वृंदावन में क्रूज का संचालन करा रही मथुरा क्रूज लाइन के निमार्णाधीन रेस्टोरेंट को जेसीबी से ढहा दिया। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में यह बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई। कुछ माह पहले मथुरा क्रूज लाइन द्वारा पर्यटकों की सुविधार्थ यहां निर्माण कराया गया था। नगर में प्रशासन की इस कार्रवाई की खूब चर्चा हो रही है। इससे पहले आला अफसरों द्वारा देवरहा बाबा घाट क्षेत्र एवं परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर अधिनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा की मौजूदगी में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त मथुरा वृंदावन नगर निगम शशांक चौधरी तथा अपर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार ने देवरहा बाबा घाट का निरीक्षण किया। सभी उच्च अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कुंभ मेला क्षेत्र परिसर का जायजा लिया

## संक्षेप

### गुलावठी जूनियर हाईस्कूल में परीक्षाफल वितरण

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी स्थित जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक से आठवीं तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक ने छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से बेटियों की प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्हें बस प्रोत्साहन की आवश्यकता है। एवीएम जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य दीपांशु और विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कोतवाल सुनीता मलिक को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी भी इस अवसर पर उपस्थित रही। विद्यालय में एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होगी।

### फेसबुक लाइव पर धमकी के बाद पूर्व सभासद पर हमला

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बदमाशों ने पूर्व सभासद नन्हें सैनी पर जानलेवा हमला किया है। हमलावरों ने पहले फेसबुक लाइव पर धमकी दी और फिर वारदात को अंजाम दिया। घटना कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र की है। पूर्व सभासद नन्हें सैनी दुकान से घर लौट रहे थे। घर के दरवाजे पर पहुंचते ही बाइक सवार दो बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली उनके पैर में लगी और वह गिर गए। गोली की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। इस दौरान बदमाश फरार हो गए। घायल पूर्व सभासद को पहले सीएचसी ले जाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले भी पूर्व सभासद पर हमला हुआ था। हालांकि दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नए कांग्रेस जिलाध्यक्ष की नियुक्ति

अमन लेखनी समाचार

शिकारपुर, कांग्रेस हाईकमान ने बुलंदशहर का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व विधायक प्रत्याशी और युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे जियाउर्रहमान एडवोकेट को यह जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति की खुशी में एनएसयूआई के कार्यकताओं ने डीएवी कॉलेज में मिठाई बांटी। एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ के नेतृत्व में कार्यकताओं ने छात्रों और कॉलेज स्टाफ को मिठाई वितरित की। कार्यकताओं ने छात्र राजनीति की पृष्ठभूमि वाले नेता को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। एनएसयूआई कार्यकताओं ने कहा कि जियाउर्रहमान की नेतृत्व क्षमता और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है।

# तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आगाज

## सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होगे क्षेत्रवासी

### तहसीलदार बिंदकी ने मुख्यालय पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वर्णिम 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रदेश के सभी जनपदों में ब्लॉक स्तर पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए नोडल अधिकारियों के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा इसी कड़ी में अमौली विकासखंड मुख्यालय परिसर में आज 25 मार्च दिन मंगलवार से 27 मार्च दिन बृहस्पतिवार तक तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तहसीलदार बिंदकी ने सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी सुरेश शिवहरे के साथ आयोजित जागरूकता समारोह की तैयारियों का जायजा लिया खंड विकास अधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा कैंप लगाकर आम नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निवारण करने के साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

# नीलगाय की टक्कर से घायल युवक की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे निवासी 20 वर्षीय विनय कुमार सोनकर पुत्र स्वर्गीय जय नारायण उर्फ पतरावल विगत दिवस रविवार को बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सरकंडी गांव जा रहा था जहां बीच रास्ते में गांव गौरीपुर के समीप नीलगाय से टकरा जाने पर युवक बुरी तरह घायल हो गया आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली मौजूदा लोगों ने भेजा जहां चिकित्सक डॉक्टर नवीन सिंह ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हैलट कानपुर नगर रेफर कर दिया परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की सांसें थम गई यह समाचार सुनकर घर में कोहराम मच गया वही कल सोमवार शाम समय युवक का मृत शरीर शव विच्छेदन ग्रह की कार्यवाही के पश्चात पैतृक गांव अमौली लाया गया जहां हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष क्षेत्र वासी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अंतिम दर्शन को पहुंचे मिली जानकारी के अनुसार मृतक विनय सोनकर के पिता का देहावसान पूर्व काल में हो चुका है तीन बेटे राज विनय शेखर में मृतक मंझला सुपुत्र था वहीं परिजनों ने बताया कि मृतक की एक बहन पारुल थी जिसका विवाह हो चुका है आकस्मिक घटना से मां विजयलक्ष्मी समेत संपूर्ण कुटुंब तथा गांव गहरे सदमे में पहुंचा शाम समय परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार मवई धाम यमुना घाट में किया

# प्रेमी युगल ने खाया जहर युवक की हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के सजातीय प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खा लिया जहां जानकारी मिलने पर दोनों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही प्रेमी युवक ने दम तोड़ दिया वहीं प्रेमिका की उपचार के बाद हालत में सुधार हुआ जिसका उपचार करते हुए चिकित्सकों ने घर भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने मृतक प्रेमी युवक का अंतिम संस्कार कर दिया वहीं थाना अध्यक्ष चांदपुर राजेंद्र सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार की लिखित तहरीर या सूचना प्रशासन को उपलब्ध नहीं है

# बहू ने रिटायर्ड अफसर को न्यूड किया, फिर मार डाला

## गाजियाबाद में बल्ले से पीटा, चीख सुनाई न दे इसलिए टीवी की आवाज तेज की

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, बहू ने रिटायर्ड अफसर ससुर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। 36 साल की बहू ने ससुर को न्यूड करके कमरे में बंद कर दिया। टीवी की आवाज तेज कर दी, फिर मौत होने तक बल्ले से पीटती रही। घर के सेकेंड फ्लोर में रहने वाली किराएदार महिला ने जब कमरे से खून बहते हुए देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे से ससुर का न्यूड शव बरामद किया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बहू आरती ने पहले पुलिस को गुमराह किया। कहा- ससुर पाती सिंह (64) के 3-4 महिलाओं से अवैध संबंध थे, वह आती-जाती रहती थीं, उन्होंने ही हत्या की। पुलिस ने सख्ती की तो बहू ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। एसीपी के मुताबिक, घटना में दो एंगल सामने आ रहे हैं। ससुर-बहू के बीच प्रापर्टी को



पाती सिंह, मृतक

लेकर कोर्ट में केस चल रहा था। ससुर के दूसरी महिलाओं से संबंध थे, ऐसे में बहू को डर था कि वह प्रॉपर्टी किसी और के नाम न कर दें। बहू ने यह भी दावा किया कि ससुर की उस पर गलत नीयत थी। वह उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। इससे वह परेशान थी, भी उसने ऐसा किया। इसके बाद गुस्से में उसकी हत्या कर दी। दोनों ही एंगल पर जांच की जा रही है। पुलिस ने बहू के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, कविनगर के गोविंदपुरम ऊ ब्लॉक में पाती सिंह रहते थे। उनकी विधवा बहू ने उनकी हत्या कर दी। वह मूलरूप से सहारनपुर जिले के रहने वाले थे। पाती सिंह के इकलौते बेटे जितेंद्र की शादी 11 साल पहले हापुड़ के धौलाना निवासी आरती से हुई थी। 4 साल पहले दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्रालय से रिटायर हुए थे। कोरोना काल में उनकी पत्नी और बेटे जितेंद्र की मौत हो चुकी है। बहू से उनका विवाद चल रहा था। कोर्ट के आदेश पर 4 महीने पहले ही यहां अपने दो बेटों के साथ रहने आई थी। दोनों बच्चों की उम्र 10 साल से कम है। पाती सिंह का 3 मंजिला मकान है। ग्राउंड फ्लोर में वह खुद रहते थे। फर्स्ट फ्लोर पर बहू अपने दो बच्चों के साथ रहती है। जबकि सेकेंड फ्लोर एक महिला लेखपाल को किराए पर दे रखा है।

आरती का ससुर के साथ विवाद हुआ। बहू ने अपने दोनों बच्चों को टीवी देखने के लिए कमरे में रहने के लिए कहा।

# बिल्लियों के हमले से बच्ची की मौत

## मानवाधिकार आयोग ने वन विभाग को लिखा पत्र, बिल्ली पकड़ने और परिवार की मदद का आदेश

अमन लेखनी समाचार

बडौत, खादी आश्रम में रहने वाले एक परिवार की दो महीने की बच्ची की बिल्लियों के हमले के कारण मौत हो गई। मृतक बच्ची की मां पूजा ने बताया कि वह अपनी बेटी को कमरे में सुलाकर पति को बुलाने गई थी। वापस लौटने पर उसने देखा कि दो बिल्लियां उसकी बच्ची को नोच रही थीं। हमले में बच्ची की एक आंख बाहर निकल गई और एक हाथ की चार उंगलियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गंभीर हालत में बच्ची को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। 15 दिन के इलाज के बाद भी डॉक्टरों ने बचा नहीं पाया और बच्ची की मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर राज्य मानवाधिकार आयोग ने मामले का संज्ञान लिया। इस घटना के महीनों बीत जाने के बाद अब प्रशासन जागा। आयोग ने आज वन विभाग को पत्र भेजकर बिल्ली को पकड़ने और पीड़ित परिवार की मदद करने का आदेश दिया है। वन विभाग के रेंजर का कहना है कि हमला करने वाली बिल्ली वन्य जीव नहीं है, इसलिए यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।



# पंजाब के किसानों के समर्थन में प्रदर्शन

- गिरफ्तार किसानों की रिहाई और मांगों के समाधान की मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, किसान एकता संघ संगठन ने पंजाब के किसानों पर हुई कार्रवाई के विरोध में सूरजपुर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश पाण्डे को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि पंजाब के किसान 12 सूत्रीय मांगों को लेकर दिल्ली जाना चाहते थे। हरियाणा और पंजाब सरकार ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। किसानों ने वहीं से आंदोलन शुरू कर दिया। सिंधु बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर पिछले 13 महीनों से आंदोलन चल रहा था। केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों से 7 बार वार्ता हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पंजाब सरकार ने वार्ता के बहाने किसानों को बुलाकर गिरफ्तार कर लिया। धरना स्थल पर बल प्रयोग कर तोड़फोड़ की गई। किसानों को जबरन हटाया गया। किसान एकता संघ ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने चेतावनी दी कि अगर गिरफ्तार किसानों को बिना शर्त रिहा नहीं किया गया और उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन करेगा। कार्यक्रम में कृष्ण बैंसला, सतीश कनारसी, शौकत चैची, मनीष नागर, मेहरबान, उम्मेद एडवोकेट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 10वीं के छात्र की हत्या:बहनों के समलैंगिक रिलेशन ने कराई दो हत्याएं

## मृतक के भाई समेत 5 तिहाड़ जेल में

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, 10वीं के छात्र की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। घर से करीब 100 मीटर दूर बाइक सवारों ने उस पर कई राउंड फायरिंग की।

उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो गए। छात्र की हत्या के पीछे दो लड़कियों के समलैंगिक संबंधों का मामला सामने आया है। दो परिवारों में लड़कियों के रिलेशन से शुरू हुई दुश्मनी हत्या का कारण बनी। सरेआम हुए इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र की है। छात्र के पिता दिनेश सिंह ने बताया- निखिल करीब 10 बजे पैदल घर से निकला। मुश्किल से 100 मीटर ही पहुंचा होगा। तभी 3 बाइक सवार बदमाश आए। निखिल पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर परिजन और गांव वाले दौड़े। बेटा जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। जब तक हम लोगों ने उसे उठाया। वह दम तोड़ चुका था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने निखिल को काफी करीब से गोली मारी। एक गोली उसके सिर जबकि दो गोलियां छाती के बीचोंबीच लगी हैं। मौके से कारतूस के खोखे भी बरामद हुए हैं। निखिल सिंह आंजनी के पाल इंटर कॉलेज से 10वीं की पढ़ाई कर रहा था। उसने इसी साल बोर्ड एग्जाम दिया था। निखिल का परिवार पहले दूध का व्यापार करता था। अब घर वाले खेती-किसानी करते हैं। दिनेश सिंह और रामराज सिंह दोनों ममेरे भाई हैं। दिनेश जहांगीराबाद के बासुरी गांव, जब कि रामराज दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। दोनों की बेटियां दिल्ली में एक साथ रिलेशनशिप में रहने लगीं। यहीं से दोनों परिवारों के बीच रंजिश की शुरूआत हुई। दिनेश के दो बेटे और एक बेटी हैं। जबकि रामराज का एक बेटा मारा जा चुका है। दूसरी बेटी दिनेश सिंह की बेटी के साथ रिलेशन में थी। दिनेश के बड़े बेटे तरुण ने लोगों के साथ मिलकर रामराज के बेटे आकाश की हत्या कर दी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इसी रंजिश में निखिल की भी हत्या की गई है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मृतक निखिल के बड़े भाई तरुण पर अपने चाचा और अन्य 3 साथियों के साथ मिलकर अपने ममेरे भाई की हत्या का आरोप है। डेढ़ साल पहले हुई घटना में आकाश का शव हरियाणा के वल्लभगढ़ स्थित घर के सामने उपले के बने कमरे में मिला था। पीड़ित पक्ष ने दिल्ली में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

# भागवत कथा में कृष्ण-सुदामा की मित्रता से भावुक भक्त

## अनूपशहर में व्यास जी ने कलयुग के अंत और कल्कि अवतार की दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार



अनूपशहर, कटरा दाऊजी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ। कथा व्यास डॉक्टर रामजीलाल शास्त्री ने अंतिम दिन कई महत्वपूर्ण प्रसंग सुनाए। व्यास जी ने प्रद्युम्न के जन्म और नरकासुर वध की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण ने नरकासुर से 1600 कन्याओं को मुक्त कर उनसे विवाह किया। श्रीकृष्ण की कुल 16,108 रानियां थीं। राजसूय यज्ञ के दौरान श्रीकृष्ण की विनम्रता का प्रसंग सामने आया। उन्होंने ब्राह्मणों के चरण धोए और अतिथियों के जूठे पत्तल भी उठाए। व्यास जी ने बलरामजी की तीर्थ यात्रा और इलवल पुत्र बलबल के वध का भी वर्णन किया। कथा का सर्वाधिक भावुक क्षण श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का था। इस प्रसंग के दौरान श्रोता और व्यास जी दोनों की आंखें नम हो गईं। व्यास जी ने त्रिदेव में भगवान विष्णु की श्रेष्ठता का कारण उनकी सहनशीलता और क्षमाशीलता बताया। उन्होंने कलयुग के अंत की भविष्यवाणी की। कहा कि जब अत्याचार चरम सीमा पर होगा, तब कल्कि अवतार होगा। कथा के समापन पर व्यास जी ने कलयुग की विशेषता बताई। उन्होंने कहा कि इस युग में केवल भगवान के कीर्तन से वह फल प्राप्त हो जाता है, जो अन्य युगों में कठिन साधना से भी नहीं मिलता।

# एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव फिर से शुरू करने की मांग

## 25 करोड़ के विकास कार्यों का डीआरएम ने किया निरीक्षण, समाजसेवियों ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, रेलवे स्टेशन पर अमृत महोत्सव रेलवे स्टेशन सौंदर्यकरण योजना के तहत विकास कार्य चल रहा है। इस परियोजना की लागत 25 करोड़ रुपये है। रेलवे के डीआरएम पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शहर के समाजसेवियों ने कई एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। इनमें देहरादून एक्सप्रेस, दिल्ली-सहारनपुर सुपर फास्ट, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस, अमृतसर-इंदौर एक्सप्रेस, उज्जयिनी एक्सप्रेस और जन शताब्दी शामिल हैं। समाजसेवियों ने बताया कि कोरोना काल से पहले देहरादून एक्सप्रेस और दिल्ली-सहारनपुर सुपर फास्ट ट्रेनें मोदीनगर में रुकती थीं। महामारी के बाद से इन ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया। स्टेशन पर निमार्णाधीन फ्लाई ओवर को लेकर भी मांग रखी गई। भूपेंद्रपुरी कॉलोनी के लोगों के लिए मुरादनगर रेलवे स्टेशन की तरह सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। समाजसेवियों ने डीआरएम को इन सभी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# एओए चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## पंचशील हाइनिस के 200 निवासियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डिप्टी रजिस्ट्रार की निगरानी में चुनाव की मांग

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर, पंचशील हाइनिस सोसाइटी के निवासियों ने एओए चुनाव में अनियमितताओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। करीब 200 निवासियों ने अपर जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी शिकायतें रखीं। निवासियों का कहना है कि पिछली एओए ने होली के दौरान जबरन चुनाव प्रक्रिया शुरू की। इस दौरान अधिकतर लोग बाहर थे। एओए का कार्यकाल 15 मार्च को समाप्त हो चुका था। फिर भी उन्होंने चुनाव को प्रभावित करने के लिए अपने समर्थकों को चुनाव कमेटी में शामिल किया। सोसाइटी के लोगों ने कई अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शेयर सर्टिफिकेट में गड़बड़ी की गई है। वोटर लिस्ट में गलतियां हैं। मतदान नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। इन कारणों से निवासियों को वर्तमान चुनाव कमेटी पर भरोसा नहीं है। निवासियों ने अपर जिलाधिकारी से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। उनकी मांग है कि चुनाव डिप्टी रजिस्ट्रार की देखरेख में कराया जाए। साथ ही 25/2 के नियमों का पालन किया जाए। इससे चुनाव पारदर्शी तरीके से हो सकेगा और किसी तरह का विवाद नहीं होगा। निवासियों ने अपर जिला अधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि चुनाव प्रक्रिया में सुधार हो सके और सभी निवासियों को एक सही, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव का अवसर मिल सके। इस संदर्भ में डीआर महोदय को विभिन्न शिकायतें दर्ज कराई जा चुकि हैं।और आज भी उनसे मुलाकात की गई।

# भ्रष्टाचार की जांच में 6 माह से टालमटोल

● ग्राम प्रधान पर 26 मामलों की जांच अटकी, पक्षपात का आरोप



अमन लेखनी समाचार

अमेठी के जगदीशपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत दिछौली में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है। शिकायतकर्ता दिलीप कुमार ने पिछले साल सितंबर में जिलाधिकारी को शपथपत्र के साथ शिकायत दी थी।

ग्राम प्रधान पर सरकारी धन के गबन से लेकर फर्जी भुगतान तक के 26 गंभीर आरोप हैं।हैंडपंप मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए की हेराफेरी का भी आरोप है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष को जांच सौंपी थी।शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच अधिकारी दबाव में आकर काम में देरी कर रहे हैं।इस बीच ग्राम प्रधान और सचिव अधूरे कार्यों को जल्दबाजी में पूरा करवा रहे हैं।साथ ही हेरफेर किए गए दस्तावेजों को दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं।जांच अधिकारी मनीष का कहना है कि वे मौके पर गए थे। लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी वहां नहीं मिले और न ही जरूरी दस्तावेज दिए गए। उन्होंने इस बारे में जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी है।न तो जांच पूरी हुई है और न ही प्रगति के बारे शिकायतकर्ता को जांच की प्रगति के बारे में बताया गया है। अब देखना है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# सपा पर पार्टी अध्यक्ष का तंज , औरंगजेब को आदर्श मानने वालों को दी नसीहत पीडीए को बताया अपमानित का संगठन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा के दौरान पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोला।उन्होंने कहा कि औरंगजेब को आदर्श मानने से कुछ नहीं होगा। आदर्श वे होते हैं जो देश को आजाद कराते हैं।

देवी पाटन मंदिर से निकली भव्य बाइक रैली में बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। संजय निषाद ने सपा सरकार के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा कि उस समय रक्षक ही भक्षक बन गए थे। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने भी निषाद समुदाय पर हुए लाठीचार्ज को स्वीकार किया है।

अखिलेश यादव पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सपा को भाड़े के पहलवानों की जगह असली अखाड़े के पहलवानों को आगे लाना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्या को मुख्यमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बीजेपी में एक सिस्टम है। शीर्ष नेतृत्व ही तय करता है कि किसे कहां बैठाना है।



**अनुसूचित जाति में शामिल**

सपा के पीडीए पिछड़ा-दलित अल्पसंख्यक गठजोड़ पर तंज कसते हुए निषाद ने कहा कि यह पीड़ित, दुखी और अपमानित का संगठन है।उन्होंने दावा किया कि सपा, बसपा और कांग्रेस के शासन में अपमानित हुए सभी लोग अब मोदी-योगी के साथ खड़े हैं।यात्रा का मुख्य उद्देश्य निषाद समुदाय को अनुसूचित जाति में शामिल करने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को तेज करना है।

# अमेठी-कालिकन मार्ग पर दो नए पुल बनेंगे , आवागमन में परेशानी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी-कालिकन मार्ग पर दो नए पुलों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। दोनों पुलों के निर्माण पर कुल 2 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत आएगी। टिकरिया गांव में मालती नदी पर और जरौटा गांव के पास लालबाबा आश्रम के निकट रजबहा पर बने पुराने संकरे पुलों को तोड़कर नए पुल बनाए जाएंगे।पांच साल पहले इस मार्ग का चौड़ीकरण कर इसे 3 मीटर से बढ़ाकर 7 मीटर किया गया था। लेकिन पुलों का चौड़ीकरण नहीं होने से आवागमन में परेशानी हो रही थी। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अमित पाठक ने बताया कि पुराने पुलों को तोड़ने से पहले वैकल्पिक मार्ग बनाया जा रहा है। छोटे और दोपहिया वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से गुजारा जाएगा।

# पेयजल आपूर्ति शुरू होने के बाद भी प्रजापति मुहल्ले में नहीं पहुंचा पानी

**प्रजापति मुहल्ला सहित पूरे गांव में 200 घरों में नहीं पहुंच रहा है पानी**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पत्योरा गांव के मजरों में नमामि गंगे योजना से 200 घरों में पानी नहीं पहुंचने से लोग परेशान है।पाइप लाइन डालने के समय ढलान व ऊंचाई वाले स्थानों पर चेंबर नहीं बनाए गए है।जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्र में परियोजना के तहत लगाए गए कनेक्शन की टोटियों सूखी पड़ी हैं।

पत्योरा गांव के प्रजापति मुहल्ले के राहुल प्रजापति, बृजेश, लल्लू, रमेश, रामेश्वर, प्रताप चंद्र, मदन, सुरेंद्र, रामप्रकाश, रामबाबू, रामभरोसे, मथुरा, सरोज, गोकुल आदि ने बताया कि इस मुहल्ले की बदनसीबी है कि जब से गांव में पेयजल आपूर्ति शुरू हुई। आज तक उनको पानी नसीब नही हुआ। बताया कि गांव में जल निगम ने करीब 20 वर्ष पहले पानी की टंकी बनवाई थी। उसका भी पानी मुहल्ले में कभी नहीं पहुंचा और अब नमामि गंगे की आपूर्ति भी उनके मुहल्ले में नहीं पहुंच रही है। जिससे पेयजल के लिए हैंडपंप व कुएं का सहारा लेना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है पाइप लाइन डालने के समय लापरवाही बरती गई है। ढलान व ऊंचाई वाले क्षेत्र में पानी पहुंचाने के लिए चेंबर बना के वाल्ब नहीं लगाए गए है।ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव में करीब 200 से अधिक घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है।गांव के मजरा शिवरामपुर में करीब 98 घर, प्रजापति मुहल्ले के करीब 70 व मजरा मलिहा तालाब के करीब 48 घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से उनके घरों तक पानी पहुंचाने की मांग की है।परियोजना के अवर अभियंता शंशाक मिश्रा ने बताया कि वाल्ब तो लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने कभी शिकायत नहीं की है। वाल्ब को चेक करवाकर एडजेस्ट किया जाएगा।

# अमेठी निहालगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पर हादसा ट्राले ने तोड़ा गेट, 4 घंटे तक यातायात प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास स्थित पूरे शोहरत रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा हुआ। सुबह 3:38 बजे एक मालगाड़ी के आने की सूचना पर गेटमैन लालजीत द्वारा गेट बंद किया जा रहा था। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से आ रहे एक ट्राले ने गेट में टक्कर मार दी।

गेट के क्षतिग्रस्त होने के बाद गेटमैन ने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया और स्लाइडिंग बूम को बंद कर मालगाड़ी को पार कराया। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट निहालगढ़ की टीम मौके पर पहुंची और ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया।हादसे के बाद यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। सुबह 8 बजे तक एसएनटी विभाग का कोई कर्मचारी गेट की मरम्मत के लिए नहीं पहुंचा। स्लाइडिंग बूम को मैनुअल तरीके से बंद करने में अधिक समय लगने के कारण लंबा जाम लग गया। इससे स्कूली बच्चों सहित अन्य राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।




**यह घटना**

लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी दोहरे इलेक्ट्रिक रेलवे ट्रैक पर हुई। रेलवे प्रशासन की देरी से कार्रवाई के कारण यातायात साढ़े चार घंटे तक प्रभावित रहा।

# अमेठी में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

**निजी कंपनी ने 50 लोगों को नौकरी से निकाला, एक महीने का वेतन भी नहीं दिया**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी कोतवाली क्षेत्र के मंगलपुर में एक निजी माल कंपनी के खिलाफ कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कंपनी ने बिना पूर्व सूचना के 50 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कर्मचारियों का एक महीने का वेतन भी बकाया है।नाराज कर्मचारियों ने कंपनी के गोदाम के पास जमा होकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी शैलेंद्र शुक्ल ने बताया कि अचानक नौकरी से निकाले जाने से उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। तीन साल से कंपनी में कार्यरत कर्मचारी विवेक ने इसे सरासर अन्याय बताया।कंपनी के अधिकारी सूर्य भान सिंह का दावा है कि कर्मचारियों को नौकरी से नहीं निकाला गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का केवल ट्रांसफर किया गया है, लेकिन वे नई जगह पर जाने को तैयार नहीं हैं।

# बेसिक शिक्षा विभाग में बड़ा घोटाला

## लेखा लिपिक समेत 5 लोगों ने फर्जी दस्तावेजों से किया 3.13 करोड़ का गबन, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार







अमेठी के बेसिक शिक्षा विभाग में बड़े भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। तीन सदस्यीय जांच टीम ने लेखा लिपिक और उनके सहयोगियों द्वारा 3.13 करोड़ रुपये के गबन की रिपोर्ट दी है।सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी किशन गुप्ता ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। इनमें लेखा लिपिक मनोज मालवीय, ब्लॉक क्वालिटी कोऑडिनेटर अभिषेक सिंह, ब्लॉक एमआईएस कोऑडिनेटर शिवम कुमार पांडेय, गौरीगंज के प्राथमिक स्कूल गुडूर के शिक्षक शैलेश चंद्र शुक्ल और जगदीशपुर के बेंचूगढ़ स्कूल के शिक्षक श्रवण कुमार द्विवेदी शामिल हैं।मामला जनवरी में तब सामने आया जब लेखा लिपिक मनोज मालवीय बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित रहे। दस्तावेजों की जांच में शासकीय धन के दुरुपयोग का मामला प्रकाश में आया। इसके बाद डीएम निशा अनंत के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया।

जांच में पाया गया कि आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर की। शिवम के खाते में 1.34 करोड़, अभिषेक के खाते में 54.26 लाख, श्रवण कुमार के खाते में 77.06 लाख और शैलेश चंद्र के खाते में 47.42 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए।एएसपी हरेंद्र कुमार के अनुसार मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर कार्रवाई करेगी।

# एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ वकील के घर हुई चोरी का मुकदमा

**एक ज्ञात तीन अज्ञात हुए नामजद**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस में 8 दिन बाद वकील के घर हुई चोरी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है। इसमें गांव के एक युवक सहित तीन अज्ञात को नामजद किया गया है।

गत 17 मार्च की रात सिमनौडी निवासी रामकिशुन यादव एडवोकेट के घर से अज्ञात चोर 20 हजार की नगदी के साथ करीब 20 लाख कीमत के सोने चांदी की जेवरात चोरी करके फरार हो गए थे। पीडित ने 18 मार्च को पुलिस को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस ने जांच के नाम पर टरका दिया था। इसके बाद पीडित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। इस तहरीर में पीडित ने गांव के धर्मेंद्र उर्फ.धन्नू सहित तीन अज्ञात पर चोरी करने का आरोप लगाया था। पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धर्मेन्द्र उर्फ धन्नू को नामजद करके मुकदमा दर्ज किया है।

# बाल लीलाएं सुन भावविभोर हुए श्रोता

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के पीडब्ल्यूडी स्टोर मार्ग पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ गिरिराज पूजन का सुंदर वृत्तांत सुनाया। कस्बे के पीडब्ल्यूडी स्टोर मार्ग में कस्बा निवासी जयकिशन गुप्ता ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया है। कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने राजेंद्र महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ गिरिराज पूजन का सुंदर वृत्तांत सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर कथा के परीक्षित जयकिशन गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, सकुन गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता, नीरज गुप्ता, पंकज गुप्ता, प्रभात गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू : 75 खिलाड़ी भाग ले रहे

## 1 लाख का इनाम, जल्द बनेगा बड़ा ट्रेनिंग सेंटर

● तीन दिवसीय अमेठी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूर्नामेंट-2025 का आगाज

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में तीन दिवसीय अमेठी डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूर्नामेंट-2025 का आगाज हो गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। विचार न्यास फाउंडेशन के संस्थापक स्वर्गीय देवी प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट 24 से 26 मार्च तक चलेगा। 75 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में अंडर 11, 13, 15, 17, 19 और सीनियर्स श्रेणी में एकल, युगल व मिश्रित युगल मुकाबले होंगे। विजेताओं के लिए कुल 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई है।

पहले दिन के मुकाबलों में ओपन एकल पुरुष वर्ग में सौभाग्य सोनी ने अंकित को 21-23, 21-18 से हराया। इसी वर्ग में प्रकेत सिंघल ने अमित विश्वकर्मा को 21-2, 22-20 से मात दी। बॉयज सिंगल अंडर 15 में चन्द्रेश्वर ने अथर्व को 21-9, 21-13 से पराजित किया।डॉ संजय सिंह ने कहा कि अमेठी में जल्द ही एक बड़ा बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर बनेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ अमीता सिंह ने एक बड़ी एकेडमी शुरू की है। डॉ अमीता का सपना है कि अमेठी में भी एक ऐसा केंद्र बने, जहां देशभर के बच्चे अपने खेल कौशल और स्वास्थ्य का विकास कर सकें

# ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर , एक युवक की मौत

**दूसरा रायबरेली रेफर; सीसीटीवी में कैद हुई घटना**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी के मोहनगंज थाना क्षेत्र के अगौना गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में बाइक सवार मोनू और सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए। मोनू सड़क पर गिरा, जबकि सुमित खेतों में जा गिरा। स्थानीय ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को तिलोई सीएससी पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने मोनू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमित को बेहतर इलाज के लिए रायबरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहां उसका इलाज जारी है।घटना पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।मृतक की मां की शिकायत पर पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिव्यांगों ने की आवास की मांग, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के संग्रामपुर ब्लॉक में दिव्यांगजनों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास की मांग की है। भारतीय जागृति मिशन दिव्यांग संघ के सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।संघ की मांग है कि हर ग्राम सभा में दिव्यांगजनों का सर्वे किया जाए। इसके बाद उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास दिए जाएं। दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि कई दिव्यांगजन आज भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।खंड विकास अधिकारी शिव पूजन भारती ने जल्द सर्वेक्षण कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रशासन सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है।

# ढ़ढोमर वैश्य समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर।बीते दिनों रंगों के त्यौहार होली को लेकर नगर कुरारा में अब ढ़ढोमर वैश्य समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया।यह आयोजन भूतपूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री बृज किशोर जी के निवास पर संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की पदाधिकारी महिलाओं,संरक्षक मंडल एवं ढ़ढोम़र समाज की समस्त महिला सदस्यों ने बहुत ही बढ़-चढ़कर और उत्साह से प्रतिभाग किया औ ? एक दूसरे को अबीर गुलाल के रंगों से रंग दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गीता जी के द्वारा राधा कृष्ण की सुंदर छवि की पूजा अर्चना करके किया गया।सभी महिलाओं ने पूरे उल्लास के साथ एक दूसरे को रंग लगाया एवं झूम कर नृत्य किया।फूल और गुलाल की होली के रंगारंग माहौल में सभी आनंद सागर में गोते लगाते नजर आये।प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती संगीता गुप्ता द्वारा सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शराब ठेका हटाकर अनयंत्र करने की मांग को लेकर नागरिक उतरे सड़कों पर

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।कस्बा सरीला के कई दर्जन नागरिकों ने आए दिन शराब ठेके के पास हो रहे शराबियों से विवादों के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी सरीला को शिकायती पत्र देकर ठेका देशी शराब नंबर 1 मुहल्ले से हटाकर अन्य जगह स्थानान्तरित करने की मांग की है। कस्बा सरीला निवासीया पूनम, पार्वती, रामदेवी ,हंस कुमारी, राजा, नीता, सुमन साहू, केश रानी सहित दर्जनों महिलाओ ने उप जिलाधिकारी सरीला को दिए शिकायत पत्र में बताया कि देशी शराब ठेका नंबर 1 के पास महिलाए तालाब जाती है आसपास बैंक, रविदास मंदिर सहित कई प्रतिष्ठान है जिसमें ठेका के पास आए दिन शराबियों द्वारा उत्पात मचाया जाता है जिससे महिलाओ बच्चों के साथ स्थानीय मुहल्ले के लोगों को विवादों और शराबियों से समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए जनहित को देखते हुए ठेका को अन्य जगह स्थानान्तरित करवाया जाए स्थानीय लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर जमकर ठेका के विरोध में पहले नारेबाजी की और तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी सरीला को शिकायत की हालांकि उप जिलाधिकारी सरीला ने कहा कि उन्होंने विभाग को समस्या से अवगत करवा दिया है विभाग से कहा गया है जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा और ठेका को अनयंत्र स्थानान्तरित करवा दिया जाएगा

# सौंखर में मजदूर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के सौंखर गांव में एक मजदूर ने फंदा लगाकर घर के अंदर ही आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सौंखर गांव निवासी उदल प्रजापति का पुत्र कमलकिशोर 35 वर्ष ने रविवार की रात में घर के अंदर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने बताया कि शाम को खाना आदि खाकर सभी लोग अपने-अपने कमरों में सोने चले गए थे। पुत्र कमलकिशोर भी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अपने कमरे में सोने गया था। लेकिन रात में ही मकान की कड़ी (बल्ली) में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में जब पत्नी की नींद खुली तो पति को फंदे पर लटकते पाया तो उसने परिजनों को जगाकर घटना की जानकारी दी। लेकिन तब तक उसके प्राण पखेरू उड़ गए थे। पिता ने पुलिस को सूचना दी। सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे मां सावित्री, पिता उदल प्रजापति, पत्नी मीना, बेटी छवि व जानवी को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता ने बताया कि उसके पास 10 बीघा खेती है। उसी से भरण पोषण होता है। बेटा कमलकिशोर भी खेती-बाड़ी में हाथ बाटने के साथ मजदूरी आदि भी करता था। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है लेकिन परिजन आत्महत्या कारण नहीं बता सके हैं।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



## 175 करोड़ रुपए के साथ सबसे महंगे एक्टर बने अल्लू अर्जुन

**मुंबई।** मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अल्लू अर्जुन डायरेक्टर एटली के साथ एक मेगा बजट फिल्म में काम करने वाले हैं। फिल्म का स्केल काफी बड़ा है जिसमें एक्टर की मास एंट्री से लेकर, कई सारे मसालेदार मोमेंट्स भी शामिल होंगे। अल्लू अर्जुन ने इस फिल्म में काम करने के लिए 175 करोड़ रुपए के साथ फिल्म के मुनाफे से 15% लेने की मांग रखी है। एक सूत्र ने बताया, 'अल्लू अर्जुन ने सन पिक्चर्स के प्रोड्यूसर के साथ 175 करोड़ रुपए की डील साइन की है। उसके साथ ही उनके फिल्म के प्रॉफिट से 15% लेने की भी मांग सामने आई है। ये इस दौर में किसी भी एक्टर द्वारा साइन की गई सबसे बड़ी डील में से एक है।

लाइफ Style

# अनन्या

## आप सब कुछ कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे ने अपनी सोशल मीडिया पर अपनी स्टोरीज पर 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक खास तस्वीर शेयर की। साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखकर फिल्म के कलाकार आदर्श गौरव और मुस्कान जाफरी की प्रशंसा की।

अनन्या ने फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' की एक तस्वीर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसमें आदर्श गौरव और विनीत कुमार नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, फिल्म देखना जादू जैसा है। दर्शक ताली बजाते हैं, सीटी मारते हैं, हंसते हैं और फिल्म के हर पल को महसूस करते हैं। अनन्या ने अपने फैंस से भी 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' को थिएटर में जाकर फिल्म देखने की गुजारिश की। साथ ही अनन्या ने उन्होंने अपने दोस्त आदर्श गौरव की तारीफ की और लिखा, 'मेरे दोस्त - आप वाकई कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं गौरव आर्दश'। साथ ही, अपनी को-स्टार मुस्कान जाफरी के लिखा, 'बहुत ज्यादा प्यार।'

अनन्या ने फिल्म के सभी कलाकारों और टीम को बधाई दी। इस फिल्म को रीमा कागती ने डायरेक्ट किया है और वरुण ग्रोवर ने लिखा है। इसमें आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह जैसे कई कलाकार हैं। फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने बनाया है। यह अभी सिनेमाघरों में चल रही है। वहीं, काम की बात करें तो अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी नई फिल्म केसरी 2 का पहला लुक भी शेयर किया है।



हॉलीवुड मसाला



## अगले साल का ऑस्कर करेंगे होस्ट

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से सोमवार को बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।'



## बूढ़े रेसर बन फॉर्मूला वन की रेस जीतने निकले ब्रैड

**लॉस एंजिलिस।** ब्रैड पिट अभिनीत स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'एफ 1' का ट्रेलर गुरुवार शाम को जारी किया गया था, जिसमें फिल्म की कहानी की छोटी सी झलक देखने को मिली थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट एक बूढ़े रेसर की भूमिका निभा रहे हैं, जो फॉर्मूला वन में वापसी कर रहा है। इसे वास्तविक स्थानों पर असली फॉर्मूला कारों में फिल्माया गया है। प्रशंसकों ने भी ट्रेलर और स्कोर की तारीफ की है। ट्रेलर को रिलीज हुए 48 घंटे हो चुके हैं। यूट्यूब पर ट्रेलर को अब तक एक करोड़ 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फैंस इस ट्रेलर को खूब पसंद कर रहे हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा की हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह फिल्म बेस्ट स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी तो वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया।



## रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में बिखेरा जलवा...

**मुंबई।** जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की मोस्ट फेमस और स्टाइलिश डीवा हैं। जाह्नवी का स्टाइल स्टेटमेंट और फैशन सेंस फैंस को क्रेजी कर देता है। अब एक बार फिर एक्ट्रेस के ग्लैमरस अंदाज पर फैंस की निगाहें अटक गई हैं। जाह्नवी कपूर ने रेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में अपनी सुपर सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। रेड शिमरी बोल्ड ड्रेस में एक्ट्रेस का किलर लुक देखने लायक है। फैंस उनपर फिदा हो गए हैं। रेड ड्रेस संग एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ल्स देकर ओपन ही रखा। ग्लॉसी न्यूड लिपस्टिक, स्मोइकी आई मेकअप में जाह्नवी सुपर गॉर्जियस लगीं। उनका स्वैग और एटीट्यूड किसी की भी धड़कनें तेज करने के लिए काफी है। वेस्टर्न ड्रेस संग एक्ट्रेस ने स्टेटमेंट नेकलेस कैरी किया है। साथ ही मैचिंग ईयररिंग्स भी पहने हैं।




## 'ठग लाइफ' की टीम ने दीं शुभकामनाएं

**मुंबई।** तमिल सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के निर्माताओं ने अपने प्रचार अभियान को इंडियन प्रीमियर लीग से जोड़कर दर्शकों का ध्यान खींचने का अनोखा तरीका अपनाया है। हाल ही में फिल्म की टीम ने एक मोशन पोस्टर जारी किया, जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को उनके पहले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। हाल ही में 'ठग लाइफ' के निर्माताओं ने एक पोस्टर जारी किया, जिसमें कमल हासन और सिलंबरासन टीआर नजर आए। पोस्टर की टैगलाइन थी- वन रूल नो लिमिट्स। इसमें फिल्म की कहानी की हल्की सी झलक दिखाई दी। इसके बाद टीम ने सोशल मीडिया पर एक मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें सिनेमा और क्रिकेट की दुनिया को जोड़ा गया।

टीवी मसाला

## झनक पहुंची सलाखों के पीछे क्या अनिरुद्ध कर पाएगा मदद

**मुंबई।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि अर्शी ने झनक के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट करवाई थी। झनक को अरेस्ट करने पुलिस उनके घर आई है। पुलिस की अरेस्ट की बात सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा। अनिरुद्ध कहेगा कि झनक की कोई गलती नहीं है, लेकिन पुलिस उसकी बात सुनने को तैयार नहीं है। वहीं, झनक के जाने से पहले अनिरुद्ध उससे हाथ जोड़कर माफी मांगेगा। अर्शी अनिरुद्ध को इस तरह देखकर हैरान रह जाएगी। आनेवाले एपिसोड में आप देखेंगे कि झनक सलाखों के पीछे होगी। वहीं, ललॉन कहेगा कि वो कमिश्नर की मदद से झनक का केस सुलझाएगा। वहीं, अनिरुद्ध झनक से मिलने जेल जाएगा। अनिरुद्ध को देखकर झनक उससे सवाल करेगी कि वो यहां क्या कर रहा है। अनिरुद्ध कहेगा कि क्या वो नहीं आ सकता? इसके बाद झनक उसे अर्शी के बारे में याद दिलाएगी।



## किसी की नहीं सुनेगा अरमान स्ट्रेस नहीं लेने की कही बात

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड फुल ऑफ ड्रामा रहने वाला है। शिवानी और अभिरा अरमान को यह समझाने की कोशिश करेंगी कि उसे विद्या को एक मौका और देना चाहिए। शिवानी समझाएगी कि क्या पता विद्या को माफ करके उसके दिल का मैल भी निकल जाए, लेकिन अरमान किसी की नहीं सुनेगा। अगली सुबह अरमान और अभिरा शहर से बाहर रूही और रोहित से मिलने पहुंचेंगे। अभिरा कहेगी कि अभी उसे किसी तरह का स्ट्रेस नहीं लेना चाहिए। तब रूही सरोगेसी के कागज अभिरा को देते हुए कहेगी कि सबसे पहले तो तुम मेरा यह सबसे बड़ा स्ट्रेस अपने पास रख लो। क्योंकि ये कागज अगर पौद्दार हाउस में किसी के हाथ लग गए तो तूफान आ जाएगा। लेकिन उन्हें नहीं पता होगा कि संजय दादी सा को लेकर वहां पहुंच गया है। दादी सा रूही के हाथ से ये फाइल छीन लेंगी और कहेंगी कि ऐसा क्या लिखा है इस फाइल में? जब कोई कुछ नहीं बोलेगा तो कावेरी पौद्दार खुद ही यह फाइल खोलकर पढ़ने का फैसला लेंगी लेकिन तभी रूही उनसे यह फाइल छीन लेगी।




## पर्दे के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस पर रणबीर से भिड़ेंगे यश...

**मुंबई।** इस साल ईद के मौके पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' रिलीज होने वाली है। अगले साल ईद के मौके पर दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं। एक फिल्म 26 मार्च 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म का नाम 'टॉक्सिक' है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार यश हैं। दूसरी फिल्म 'लव एंड वार' है। यह फिल्म भी ईद के आस-पास ही रिलीज होने वाली है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। ऐसे में अगले साल यश और रणबीर कपूर की फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर टकराव देखने को मिल सकता है।



यश को फिल्म केजीएफ से पूरे देश में शोहरत मिली। उम्मीद की जा रही है कि वह 'टॉक्सिक' में भी अपनी पहले वाली छवि लेकर आएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसने अपने एलान के बाद से ही फैंस में काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। दूसरी तरफ 'लव एंड वार' फिल्म है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। फिल्म में जबरदस्त विजुअल होंगे। फिल्म में भरपूर रोमांस और ड्रामा होगा। मजे की बात ये है कि यह पहली ऐसी जगह नहीं है जहां रणबीर और यश एक दूसरे से भिड़ेंगे।

## फिर गरजेंगे सनी, 'जाट' का प्रोमो हुआ रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले फैंस को इसके ट्रेलर का इंतजार है, जो जल्द पूरा होगा। रविवार को मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट पर अपडेट दिया है। उन्होंने इसका प्रोमो शेयर किया है, जिसमें सनी देओल गरजते दिख रहे हैं। सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' (2023) ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर बवाल काटा। इसके जरिए उनका धांसू कमबैक हुआ और अभिनेता के पास फिल्मों की झड़ी लग गई। सनी देओल 'गदर 2' के बाद अब जल्द ही फिल्म 'जाट' में नजर आएंगे। इसके ट्रेलर का प्रोमो रविवार को पीपल मीडिया फैक्ट्री के इंस्टाग्राम हैंडल से शेयर किया गया है। जारी प्रोमो में एक ट्रक दिखाया गया है। सनी देओल तेवर दिखाते नजर आए हैं। बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'सॉरी बोल'। मेकर्स ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'धमाकेदार ट्रेलर की झलक। पूरा ट्रेलर 24 मार्च को दोपहर 12.06 बजे रिलीज होगा'। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कंगना से लेकर स्मृति ईरानी तक इन अभिनेत्रियों ने राजनीति में रखा कदम

*मुंबई। कंगना रनौत और स्मृति ईरानी आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। दोनों ही अभिनेत्रियां हैं और दोनों ही कामयाब राजनेता भी हैं। आज हम आपको उन अभिनेत्रियों के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने फिल्मी दुनिया से अपना करियर शुरू किया और आज कामयाब राजनेता हैं।*



**हेमा मालिनी :** हेमा मालिनी हिंदी सिनेमा में अपनी बेहतरीन किरदारों के लिए जानी जाती हैं। उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में 'शोले' का नाम शामिल है। उन्होंने साल 2004 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। वह 2014 से मथुरा से सांसद हैं।



**जया बच्चन :** जया बच्चन ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। उन्होंने भी 'शोले' में अदाकारी की थी। वह अभिनेता अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं। जया बच्चन 2004 से समाजवादी पार्टी की तरफ से राज्यसभा सदस्य हैं।

**किरण खेर :** किरण खेर बॉलीवुड में अपने बेहतरीन किरदार के लिए जाने जाती हैं। उन्होंने 'ओम शांति ओम' में बेहतरीन अदाकारी की थी। वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य हैं। साल 2014 में वह चंदीगढ़ से लोकसभा के लिए चुनी गईं।





**स्मृति ईरानी :** स्मृति ईरानी पहले टीवी का जाना माना चेहरा थीं। वह 'क्योंकि सास कभी बहू थी' से बहुत मशहूर हुईं। वह भारतीय जनता पार्टी से अमेठी से सांसद रहीं और गुजरात से राज्यसभा सदस्य रहीं। ईरानी 2019 से 2024 तक महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं। फिलहाल वह केंद्रीय मेंत्री हैं।

*कंगना रनौत : कंगना रनौत ने बॉलीवुड को 'गैंगस्टर' और 'क्वीन' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। फिल्हाल वह भारतीय जनता पार्टी की तरफ से हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से सांसद हैं। भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री से भी नवाजा है।*



## 'अभी इतने ही बाल आए हैं, कैसी लग रही हूं मैं?

*मुंबई। हिना खान कैंसर से जूझ रही हैं। उनका उपचार चल रहा है। कीमोथैरेपी, सर्जरी और उपचार की प्रक्रिया में अभिनेत्री ने अपना सिर मुंडवा लिया था। उन्होंने इसकी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। वे इवेंट और शूटिंग के दौरान विग का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, हिना के बाल अब आने लगे हैं। हाल ही में एक इवेंट में वे कैंसर उपचार के दौरान पहली बार बिना विग पहने नजर आईं। हिना खान ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान ब्लैक कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने फोटोग्राफर्स को पोज दिए। फिर पूछा, 'कैसी लग रही हूं मैं? अभी मेरे इतने-इतने ही बाल आए हैं'। इस पर पैपराजी ने एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया और कहा, 'बहुत सुंदर लग रही हैं आप, नेचुरल ब्यूटी'। हिना खान का यह वीडियो वीरेंद्र चावला के इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया गया है। यूजर्स और फैंस भी हिना खान के लुक की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही उनकी हिम्मत को सलाम कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आप बहुत हिम्मत वाली हो, तभी तो आपको शेर खान कहते हैं हम'।*

